दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा गुरुवार 12 दिसंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 468



## संक्षिप्त खबरें ।

### अब किसान 14 दिसंबर को करेंगे फिर से दिल्ली कूच, शंभू बॉर्डर से किसान नेता सरवन पंढेर का ऐलान



लोक तंत्र की आवाज़

**हरियाणा (खनौरी)।** शंभू बॉर्डर पर जमा किसानों ने एक बार फिर दिल्ली कूच करने की तैयारी तेज कर दी है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया और ऐलान किया कि किसान 14 दिसंबर को एक बार फिर जोर लगाकर दिल्ली कूच करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में किसान नेता ने कहा कि अब हम लोग 14 दिसंबर को दिल्ली की ओर रवाना होंगे, हमारे प्रोटेस्ट को 303 दिन पूरे हो चुके हैं और किसानों के आमरण अनशन को भी 15वां दिन पूरा हो चुका है। हमने हमेशा बातचीत को खुले दिल से स्वीकार किया है। अभी तक सरकार की ओर से किसी ने हमसे संपर्क नहीं किया।

**101 जत्था जाएगा दिल्लीः** उन्होंने आगे कहा कि दोनों संगठनों ने यह तय किया है कि हम 14 तारीख को 101 किसानों के जत्थे के साथ दिल्ली कूच करेंगे। बुधवार को हम किसान आंदोलन की सफलता के लिए प्रार्थना करेंगे। हम उन किसानों की रिहाई की मांग करते हैं, जिन्हें प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किया गया या हिरासत में लिया गया। मैं फिल्मी सितारों, गायकों और धार्मिक नेताओं से अनुरोध करता हूं कि कृपया प्रदर्शन करते हुए हमारे विरोध प्रदर्शन का प्रचार करें।

**पहले भी की थी कूच करने की कोशिशः** जानकारी दे दें कि इससे पहले संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले 101 किसानों का जत्था 6 और 8 दिसंबर को दिल्ली की ओर बढ़ा था, लेकिन हरियाणा में पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान किसानों और सुरक्षाबलों के बीच टकराव की स्थिति बनी रही, जिसके बाद किसानों को पीछे धकेलने के लिए आंसू गैस के सेल दागे गए। इस दौरान कई किसान घायल हुए। बता दें कि किसान दिल्ली जाने के लिए 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा जाले हुए हैं। इससे पहले किसानों ने 13 और 21 फरवरी को दिल्ली की ओर बढ़ने की कोशिश की, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने उन्हें बॉर्डर पर ही रोक दिया था।

# संसद के बाहर राहुल गांधी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दिया गुलाब का फूल और तिरंगा

लोक तंत्र की आवाज़



**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में बुधवार को भी हंगामा जारी रहा और बार-बार सदन की कार्यवाही स्थगति करनी पड़ी। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल सरकार को लगातार घेरने के लिए संसद परिसर में प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज अनोखा विरोध प्रदर्शन करते नजर आए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जैसे ही कार से संसद परिसर पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे राहुल गांधी राजनाथ सिंह के पास पहुंचे और उन्हें गुलाब का फूल और तिरंगा भेंट करने लगे। इसी दौरान कांग्रेस के अन्य सांसद भी रक्षा मंत्री को गुलाब का फूल देने लगे तो वह आगे बढ़ गए।

**गुलाब का फूल लेकर विपक्षी सांसदों का प्रदर्शनः** जानकारी के अनुसार, विपक्षी सांसदों ने बुधवार को संसद के बाहर सरकार के खिलाफ अनोखा विरोध प्रदर्शन किया और एनडीए सांसदों को गुलाब का फूल और तिरंगा झंडा दिया। प्रदर्शनकारियों में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्र भी शामिल थीं।

**कांग्रेस सांसदों ने कही ये बातें:** विरोध प्रदर्शन कर रहे विपक्षी सांसदों ने बीजेपी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने भाजपा सरकार पर संसद को 'लाजवंती' (शर्मनाक पौधा) में बदलने का आरोप लगाया। भगत ने कहा कि अडानी का नाम आते ही सदन स्थगित हो जाता है। हम संसदीय मर्यादा का पालन करते हुए राष्ट्रीय ध्वज बांट रहे हैं। कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि हमने राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया है और उनसे अनुरोध किया है कि वे देश को न बेचें और देश को आगे बढ़ाएं। दुर्भाग्य से हम देख रहे हैं कि अडानी इन दिनों देश चला रहे हैं। सब कुछ उन्हें दिया जा रहा है। गरीबों की आवाज को दबाया जा रहा है, हम देश को बेचने की साजिश के खिलाफ हैं।

### बीजेपी ने कांग्रेस पर किया पलटवार

इस बीच, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि सदन को विपक्षी सदस्यों लगातार बाधित किया जा रहा है। विपक्ष बोलने नहीं दे रहा है। यह चौथा दिन है जब शून्यकाल बर्बाद हुआ है। वे मेरी आवाज दबा रहे हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि जॉर्ज सोरोस और नेहरू-गांधी परिवार के बीच संबंध सोनिया गांधी की सह-भूमिका से कहीं आगे तक फैले हुए हैं।

## सीएम नीतीश के बड़बोले विधायक गोपाल मंडल ने सांसद पप्पू यादव से की दिल्ली में खास मुलाकात



लोक तंत्र की आवाज़

**नई दिल्ली।** सीएम नीतीश के बड़बोले विधायक गोपाल मंडल ने दिल्ली में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव से मुलाकात की। जिसकी जानकारी सांसद पप्पू यादव ने अपने सोशल मीडिया पर दी। पप्पू यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्विट कर इसकी जानकारी दी है। पप्पू यादव ने बताया कि दिल्ली में विधायक गोपला मंडल से औपचारिक मुलाकात हुई।

पप्पू यादव ने ट्विट कर लिखा कि, ₹दिल्ली में आज विधायक गोपाल मंडल ने हमसे मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ औपचारिक बातचीत हुई, जो क्षेत्र और जनता के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी आत्मीय मुलाकात हुई₹।बता दें कि गोपाल मंडल जदयू कोटे से गोपालपुर के विधायक हैं। गोपाल मंडल आए दिन अपने बयान को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। गोपाल मंडल ने बीते दिन ही सीएम नीतीश को लेकर बड़ा बयान दिया था। गोपाल मंडल ने कहा था कि 2025 में सीएम नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। वहीं गोपाल मंडल ने खुद को अपने इलाके का फाइटर बताते हुए कहा था कि आनंद मोहन और पप्पू यादव कोसी-सीमांचल के फाइटर हैं वहीं वो भागलपुर के फाइटर हैं।

वहीं दूसरी ओर पप्पू यादव भी इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। पप्पू यादव को कई दफे जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। पप्पू यादव को धमकी देने वाले शख्स को पूर्णिया पुलिस ने बीते दिन ही गिरफ्तार किया था। जिसके बाद पप्पू यादव के करीबी पर ही उनको धमकी देने का आरोप लगा। हालांकि पप्पू यादव ने इस मामले में पुलिस के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की थी।

## बिहार सरकार ने टीचर की नौकरी से बर्खास्त किया तो निर्दलीय जीत गए MLC चुनाव, दिलचस्प है वंशीधर ब्रजवासी की कहानी

लोक तंत्र की आवाज़



**तिरहुत।** कहते हैं कि किस्मत का सितारा कभी भी बुलंद हो सकता है इसलिए अगर किसी मोड़ पर हार मिले तो निराश नहीं होना चाहिए। बिहार के बर्खास्त टीचर वंशीधर ब्रजवासी इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। सरकार ने उन्हें टीचर की नौकरी से बर्खास्त कर दिया था, लेकिन अब वह निर्दलीय एमएलसी का चुनाव जीत गए हैं।

**क्या है पूरा मामला? :** बिहार में तिरहुत स्नातक एमएलसी सीट के लिए हुए चुनाव में जेडीयू, राजदऔर जनसुराज जैसी पार्टियों के उम्मीदवारों को हराकर एक निर्दलीय शिक्षक नेता वंशीधर ब्रजवासी ने जीत हासिल की है। यह सीट जेडीयू के देवेश चंद्र ठाकुर के सांसद बनने के बाद खाली हुईं थी। लेकिन इस चुनाव में जेडीयू के उम्मीदवार अभिषेक झा चौथे नंबर पर रहे, आरजेडी के कैंडिडेट गोपी किशन तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दूसरे स्थान पर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के विनायक विजेता रहे। तिरहुत स्नातक सीट पर जीत हासिल करने वाले वंशीधर ब्रजवासी की कहानी बेहद दिलचस्प है। जीत हासिल करने के बाद वंशीधर ब्रजवासी ने नीतीश सरकार को धन्यवाद कहा। ब्रजवासी ने कहा कि वे सरकार को इसलिए धन्यवाद देना चाहेंगे क्योंकि अगर सरकार ने उन्हें नौकरी से बर्खास्त नहीं किया होता तो आज वे एमएलसी नहीं बनते। सरकार ने कार्रवाई की तभी शिक्षक गोलबंद हुए और उसका नतीजा सामने है।

वंशीधर ब्रजवासी मुजफ्फरपुर जिले के मड़वन प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रक्सा पूर्वी में प्रखंड शिक्षक के तौर पर कार्यरत थे। वे नियोजित शिक्षकों के संघ के अध्यक्ष थे और नियोजित शिक्षकों की मांगों के समर्थन में लगातार आंदोलन करते थे। जब केके पाठक बिहार में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव बन कर आये तो उन्होंने शिक्षकों के किसी भी तरह आंदोलन में शामिल होने पर रोक लगा दी और शिक्षकों की यूनियन को अवैध घोषित कर दिया।

केके पाठक के निर्देश पर प्रखंड शिक्षक वंशीधर ब्रजवासी के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसी साल 28 मार्च को मुजफ्फरपुर के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) ने मुजफ्फरपुर के मड़वन प्रखंड नियोजन इकाई को पत्र लिखकर वंशीधर ब्रजवासी के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा था। इसके बाद प्रखंड नियोजन इकाई ने ब्रजवासी को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई शुरू की थी।

## बर्फबारी के बाद हिमाचल में हड्डी कंपा देने वाली ठंड लाहौल जिले में माइनस 12 डिग्री पहुंचा तापमान

लोक तंत्र की आवाज़



**लाहौल।** पहाड़ी राज्यों में सीजन की बर्फबारी शुरू हो गई है। कश्मीर से लेकर हिमाचल तक पर्यटक बर्फबारी का लुफ्त उठा रहे हैं। हिमाचल में बर्फबारी के बाद सर्दी का सितम बढ़ गया है। राज्य में तापमान काफी गिर गया है और मौसम विभाग ने आगामी दिनों में फिर से बर्फबारी का अनुमान जताया है।

**लाहौल-स्पीति का ताबो रहा सबसे ठंडा स्थानः** राज्य में मंगलवार को अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री नीचे दर्ज किया गया जबकि कुछ इलाकों में हल्की बर्फबारी भी हुई। हिमाचल प्रदेश में जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति का ताबो सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 12.7 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि शिमला के खदराला, कोकसर (लाहौल-स्पीति) और कल्पा में क्रमशः 2.0 सेंटीमीटर, 0.5 सेंटीमीटर और 0.2 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई। इसने बताया कि राज्य में कुछ स्थानों पर पिछले 24 घंटे में बहुत हल्की बारिश और बर्फबारी हुई तथा अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहा।

**कल कैसा रहेगा मौसम?ः** मौसम विभाग ने बताया कि लाहौल-स्पीति, चंबा, कुल्लू, किन्नौर जिलों और कांगड़ा के ऊंचे इलाकों में 12 दिसंबर को हल्की बारिश और बर्फबारी को छोड़कर अगले सात दिन तक मौसम शुष्क रहेगा।

### ऊपरी शिमला के कई रूटों पर बस सेवाएं बाधित

12 दिसंबर तक राज्य के मध्य और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में कहीं-कहीं जमीनी पाला पड़ने की संभावना है। उधर, बीती रात को शिमला जिले के चौपाल के खिड़की, खड़ापत्थर व अन्य उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में फिर बर्फबारी हुई। इससे चौपाल के लिए मंगलवार सुबह बसों की आवाजाही नहीं हो सकी। खड़ापत्थर मार्ग पर भी फिसलन से आवाजाही प्रभावित हो रही है। वाहनों चालकों को बर्फबारी वाली सड़कों पर यात्रा करते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## वेरोनेज रडार रेंज 8000 किमी, दुश्मन क्या परिंदा भी नहीं गुजर पाएगा; रूस से मेगा डील?

लोक तंत्र की आवाज़



**नई दिल्ली।** भारत अपनी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हरसंभव कदम उठा रहा है। दो ओर से पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसियों की चुनौतियों के बीच, भारत अपनी वायु रक्षा को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में काम कर रहा है। इस उद्देश्य के तहत, भारत ने अपने भरोसेमंद साझेदार रूस से सहयोग लेने का फैसला किया है। इसी सिलसिले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की रूस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच एक बड़े रक्षा समझौते की चर्चाएं तेज हैं।

लगभग 4 बिलियन डॉलर की यह डील भारत की वायु रक्षा प्रणाली को अत्याधुनिक बनाएगी। इसके तहत रूस के उन्नत वोरोनेझ रडार सिस्टम को भारत में लाने की योजना पर विचार किया जा रहा है।

**क्या है वोरोनेझ रडार सिस्टम? :** वोरोनेझ रडार, रूस की अल्माज-आंतेय कॉरपोरेशन द्वारा निर्मित एक अत्याधुनिक और लंबी दूरी का अर्ली वॉर्निंग रडार है। यह रडार 8,000 किलोमीटर से अधिक की रेंज तक बैलिस्टिक मिसाइलों, लड़ाकू विमानों और इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) जैसे खतरों का पता लगा सकता है। यह सिस्टम एक साथ 500 से अधिक ऑब्जेक्ट्स को ट्रैक करने की क्षमता रखता है। इसकी 10,000 किलोमीटर तक की कुल रेंज, 8,000 किलोमीटर तक की वर्टिकल रेंज और 6,000 किलोमीटर तक की क्षैतिज रेंज इसे बेहद प्रभावी बनाती है।रूस का दावा है कि यह रडार स्टेल्थ विमानों का भी पता लगाने में सक्षम है। इसके अलावा, यह पृथ्वी के पास के अंतरिक्षीय ऑब्जेक्ट्स और आईसीबीएम की संपूर्ण जान

**मेक इन इंडिया में होगा बड़ा योगदानः** एनडीटीवी की रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस रडार सिस्टम के निर्माण में भारत की मेक इन इंडिया पहल को प्राथमिकता दी जाएगी। सौदे के तहत 60 प्रतिशत से अधिक हिस्से का निर्माण भारत में किया जाएगा, जिसके लिए भारतीय कंपनियों को ऑफसेट पार्टनर्स के रूप में शामिल करने की योजना है। पिछले महीने रूस की टीम ने भारत का दौरा कर इस प्रोजेक्ट में संभावित सहयोगियों से चर्चा की थी।

**एस-400 डिलीवरी पर भी हुई चर्चा :** राजनाथ सिंह ने अपने रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलूसोव के साथ सैन्य-तकनीकी सहयोग पर बैठक की। इस दौरान उन्होंने भारत को शेष एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल सिस्टम की डिलीवरी की प्रगति का जायजा भी लिया। 2018 में भारत ने इस उन्नत मिसाइल सिस्टम के लिए रूस के साथ समझौता किया था। गौरतलब है कि भारत और रूस के बीच यह रक्षा सौदा रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। वोरोनेझ' रडार सिस्टम की तैनाती से भारत की वायु रक्षा और निगरानी क्षमताओं में क्रांतिकारी सुधार होगा।

### कर्नाटक के चित्रदुर्गा में होगी तैनाती

बताया जा रहा है कि इस रडार सिस्टम की तैनाती के लिए कर्नाटक के चित्रदुर्गा जिले को चुना गया है। यह क्षेत्र पहले से ही भारत के अत्याधुनिक रक्षा और एयरोस्पेस सुविधाओं का केंद्र है। रडार सिस्टम के संचालन से भारत को एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में खतरों का पता लगाने और निगरानी की क्षमता में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी होगी।

## इजरायल के हवाई हमलों के बाद अब सीरिया की नौसेना को किया ध्वस्त

लोक तंत्र की आवाज़



**दमिश्क।** सीरिया के एक युद्ध पर्यवेक्षक ने कहा कि इजरायल ने सीरिया में भारी हवाई हमले किए हैं और उसके सैनिक देश में और अंदर घुस गए हैं। इजरायली रक्षा मंत्री ने घोषणा की है कि उनकी सेना ने सीरिया की नौसेना को नष्ट कर दिया है। इस बीच इजरायल ने सीरिया के अंदर 'बफर जोन' में घुसने की बात स्वीकार की है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उसके सैनिक उस क्षेत्र से आगे गए हैं या नहीं, जिसे 50 साल से भी पहले स्थापित किया गया था।

**इजरायल ने इस बात से किया इनकारः** फिलहाल, इजरायल ने इस बात से इनकार किया है कि वह सीरिया की राजधानी दमिश्क की ओर बढ़ रहा है। इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा कि उनका देश दक्षिणी सीरिया में एक विसैन्यीकृत क्षेत्र स्थापित करना चाहता है। काट्ज ने हाइफा में नौसेना अड्डे पर कहा कि सेना ''सीरिया में आतंकवाद को जड़ें जमाने से रोकने के लिए दक्षिणी सीरिया में हथियारों और आतंकवादी खतरों से मुक्त रक्षा क्षेत्र बनाएगी, जिसमें इजरायल की कोई स्थायी उपस्थिति नहीं होगी।'' इजरायल ने यह भी कहा कि वह संदिग्ध रासायनिक हथियार ठिकानों और भारी हथियारों पर हमला कर रहा है ताकि उन्हें आतंकियों के हाथों में पड़ने से रोका जा सके। इस बीच ब्रिटेन से संचालित 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने कहा है कि असद को अपदस्थ करने के बाद से इजरायल ने सीरिया में 300 से अधिक हवाई हमले किए हैं।

## भारत के लिए रूस ने बनाया युद्धपोत, लगा यूक्रेन का इंजन, जानें यह कैसे हुआ

लोक तंत्र की आवाज़



**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई (रूस-यूक्रेन वार) चल रही है। ऐसे में दोनों देश मिलकर कोई बड़ा काम करेंगे इसकी कल्पना करना भी मुश्किल है, लेकिन ऐसा हुआ है। वह भी भारत के लिए। भारत की नौसेना को रूस द्वारा बनाया गया नया युद्धपोत आईएनएस तुशिल मिल गया है। यह युद्धपोत रूस ने बनाया है, लेकिन इसमें लगा इंजन यूक्रेन में तैयार किया गया है।

फ्रिगेट आईएनएस तुशिल सोमवार को एक समारोह में भारतीय नौसेना में शामिल हुआ। इसमें भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद थे। भारत ने रूस को 2016 में इसके लिए ऑर्डर दिया था। यह Krivak III क्लास का एडवांस स्टील्थ मिसाइल फ्रिगेट है। भारतीय नौसेना के पास इस समय इस तरह के छह युद्धपोत है। सभी को रूस ने बनाया है। रूस में बनने वाले दो जहाजों के अलावा दो और ऐसे जहाजों को भारत में तैयार किया जाएगा। इन्हें गोवा शिपयार्ड में बनाया जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि इन फ्रिगेट्स में यूक्रेन द्वारा बनाए गए गैस टर्बाइन इंजन लगते हैं। रूस के साथ भारत के घनिष्ठ संबंध हैं। इसके साथ ही यूक्रेन के साथ भी भारत के अच्छे रिश्ते हैं। यही वजह है कि यूक्रेन एक ऐसे युद्धपोत के लिए इंजन देने के लिए तैयार हो गया जिसका निर्माण भारत के लिए किया जा रहा है। चाहे उसे बनाने वाला रूस ही क्यों न हो।

भारतीय नौसेना के बेड़े के अधिकांश जहाज यूक्रेनी कंपनी जोर्या-मैशप्रोक्ट द्वारा बनाए गए गैस टर्बाइन इंजनों का इस्तेमाल करते हैं। यह कंपनी समुद्री जहाजों के लिए गैस टर्बाइन इंजन बनाने में दुनिया में प्रमुख स्थान रखती है। लड़ाई के चलते भारत को यूक्रेन से इंजन खरीदने और रूस को देने में देर हुई।

## अमेरिकी एफ-35 या रूसी एसयू-57... कौन सा स्टेल्थ फाइटर जेट भारत के लिए बेहतर?

लोक तंत्र की आवाज़



**मॉस्को।** रूस लगातार अपनी पांचवीं पीढ़ी के स्टेल्थ फाइटर जेट एसयू-57 की ताकत दिखाने की कोशिश कर रहा है. वो लगातार भारतीय सैन्य अधिकारियों और सरकार को इसके जरिए इंप्रेस करने की कोशिश कर रहा है. वहीं, इस रेस में अमेरिका का I-35 फाइटर जेट शामिल है. वो भी दमदार फाइटर जेट है लेकिन भारत के लिए ये जानना जरूरी है कि दोनों में से कौन उसके लिए बेहतर है? अगर डील होती है तो किससे बेहतर हो सकती है?

क्या सिर्फ विमान खरीदे जाएंगे? या फिर टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के तहत भारत में निर्माण भी होगा. क्योंकि निर्माण होता है तो देश में मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट को बढ़ावा मिलेगा. साथ ही हजारों लोगों को रोजगार का अवसर भी. इससे भारत का अमेरिका या रूस के साथ संबंध मजबूत होगा. भारत में बने फाइटर जेट की बिक्री से देश को भी फायदा होगा. साथ ही रक्षा उद्योग को बढ़ावा मिलेगा. आइए जानते हैं कि कौन सा फाइटर जेट बेहतर है...

**स्पीडः** एसयू-57 इस मामले में अमेरिकी फाइटर जेट से कहीं आगे हैं. ये 2600 km/hr की स्पीड से उड़ान भरता है. जबकि एफ-35 की अधिकतम गति 1900 किलोमीटर ही है. यानी सुखोई-57 को तेज गति वाले सिनैरियो में फायदा मिलेगा।

**हथियारः** एसयू-57 और एफ-35 दोनों में ही 12-12 हार्डप्वाइंट्स हैं. यानी छह अंदर और छह बाहर. दोनों कई तरह के हथियार ले जा सकते हैं. लेकिन रूसी फाइटर जेट इस मामले में भी एफ-35 से आगे है. इसमें कई शॉर्ट, मीडियम और लॉन्ग रेंज के हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, गाइडेड एरियल बम लग सकते हैं. जबकि एफ-35 में सीमित हवा से हवा वाली मिसाइलें या बम लग सकते हैं।

**लंबी दूरी पर हमला करने की ताकतः** एसयू-57 में लगने वाली मिसाइल रूस की कटिंग एज टेक्नोलॉजी वाला हथियार है. ये हथियार I-35 की रेंज से दोगुना दूरी तक जाकर हमला करता है. इसका इस्तेमाल रूस ने यूक्रेन की जंग में बेशुमार किया है। सू-57 का स्टेल्थ सिस्टम बिना स्पीड कम किए और मैन्यूवरिबिलिटी को नुकसान पहुंचाए काम करता है. इससे कॉम्बैट में और बचकर निकलने में फायदा मलता है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### केन्द्रीय मंत्री का प्रयास सार्थक दिखनलगा, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया टीम गया पहुंची



**गया।** गया एयरपोर्ट से अब प्लाइट की संख्या में बढ़ोतरी के लिए गया सांसद सह भारत सरकार के लधु एवं मध्यम उधोग मंत्रालय के मंत्री जीतन राम मांझी ने जो एयरपोर्ट अथॉरिटी से जो बैठक की थी जिसका प्रतिफल गया के अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दिखाई देने लगा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की टीम गया पहुंची है विमान संचालन एवं एयरपोर्ट सेवाओं को लेकर समीक्षा की गई है।इस बारे जानकारी देते हुए हिन्दुस्तानी आवम मोर्चा सेक्युलर के राष्ट्रीय प्रवक्ता ई नंदलाल मांझी एवं मुख्य सलाहकार दानिश रिजवान , सांसद प्रतिनिधि रोमित कुमार, जिलाअध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने संयुक्त रूप से बताया कि केन्द्रीय मंत्री को पहल पर जल्द ही गया एयरपोर्ट से फ्लाइट की संख्या में बढ़ोतरी होगी, इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की टीम गया पहुंची है। एयरपोर्ट गया के साथ विशेष बैठक भी कर रही है। फ्लाइट की संख्या बढाने से पूरे मगध एवं झारखंड के लोगो को फायदा मिलेगी केन्द्रीय मंत्री के प्रयास से।

### जमीन विवाद को ले हुई मारपीट मामले में तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के पचवारा गांव में सोमवार को जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले में कपिलदेव सिंह की पत्नी सावित्री देवी के द्वारा गांव के ही रामाशीष सिंह, सोनू कुमार तथा उर्मिला देवी को नामजद आरोपी बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया कि आरोपियों द्वारा जबरन छज्जा व खिड़की खोलने से मना करने पर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है।

### 15 दिसम्बर को मुसहर शिक्षा सेवकों की नवादा में बैठक

**सुनील कुमार**

**नवादा ।** बिहार मुसहर भुईयां शिक्षा सेवक संघ के प्रदेश सचिव सह जिला अध्यक्ष मुकेश मांझी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी 28 दिसम्बर को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में बिहार के मुसहर, भुईयां समाज का एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें पुरे बिहार के मुसहर भुईयां समाज के लोगों ने भाग लेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 15 दिसम्बर ( रविवार ) को समय 11 बजे से नवादा सदर स्थित अम्बेडकर पुस्तकालय भवन परिसर में मुसहर समाज के शिक्षा सेवकों की एक बैठक आहूत की गई है। श्री मांझी ने इसकी जानकारी देते हुए जिले के सभी मुसहर समाज के शिक्षा सेवकों को ससमय बैठक में भाग लेने की अपील की गई है।

### नवादा में 24 घंटे के अंदर 66 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा जिले के विभिन्न थानाक्षेत्रों से 24 घंटे के अंदर 66 फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 10 दिसम्बर को नवादा जिला में पुलिस द्वारा जो विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं,उनमें महिला उत्पीड़न में 05, मद्य निषेध में 14 एवं अन्य गिरफ्तारी 47 कुल 66 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 283.5 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 38 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 33 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 02 लाख 18 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य बरामदगी अन्तर्गत ट्रैक्टर 02, तसला 10 चुलाई मशीन 03, गैस सिलेंडर 03, गैस चूल्हा 02, महुआ घोल विनष्ट 600 एवं भट्‌टी विनष्ट 01 बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।

# नवादा : 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा स्वच्छ पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त, दंडाधिकारियों के साथ डीएम -एसपी ने किया ब्रीफिंग

## सभी परीक्षार्थी प्रवेश पत्र दो प्रति में लाना सुनिश्चित करें : डीएम

लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने नगर भवन में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 70वीं संयुक्त ( प्रा0 ) प्रतियोगिता परीक्षा स्वच्छ, पारदर्शी और कदाचारमुक्त सम्पन्न कराने के लिए दंडाधिकारियों को संयुक्त रूप आवश्यक निर्देश दिए हैं ।जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि परीक्षा 13 दिसंबर को 12 बजे मध्याह्न से 02 बजे अपराह्न तक एक पाली में सम्पन्न की जायेगी। परीक्षार्थियों को 09:30 बजे पूर्वा. से 11 बजे पूर्वा. तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। इसके लिए नवादा जिला में कुल 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं जिसमें जिला मुख्यालय में 18 केन्द्र एवं हिसुआ प्रखंड मुख्यालय में 04 परीक्षा केन्द्र एक पाली में आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा में कुल 11 हजार 964 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफल अयोजन एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु 22 केन्द्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। 11 केन्द्रों पर जोनल दंडाधिकारी-सह-गश्ती दल दंडाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है एवं 05 सम्बद्ध परीक्षा केन्द्रों पर सुपर जोनल-सह-उड़नदस्ता दल में सशस्त्र लाठी बल के साथ दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संचालन हेतु समाहरणालय में जिला






नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है, जिसका दूरभाष संख्या-06324-212261 है। जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में संजय कुमार अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी , अमरनाथ कुमार परीक्ष्यमान वरीय उप समाहर्त्ता-सह-प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, एवं पुनि सचिन्द्र यादव, प्रभारी लोक शिकायत निवारण कोषांग जिला नियंत्रण कक्ष के प्रभारी पदाधिकारी के रूप में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष में 06 सुरक्षित दंडाधिकारी, 03 सुरक्षित जोनल सह गश्ती दल दंडाधिकारी, 09 सुरक्षित स्टैटिक दंडाधिकारी सह प्रेक्षक एवं 08 सुरक्षित महिला स्टैटिक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अग्निशाम, चिकित्सा व्यवस्था की गयी है जिसमें संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि नवादा जिले में कुल 11 हजार 964 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। उनकी सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई, शौचालय की सफाई करवाने के लिए कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद करवाना सुनिश्चित करेंगे। सभी परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र दो प्रति में लाना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अधीक्षक द्वारा केन्द्राधीक्षकों, पुलिस पदाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार पर फ्रिस्किंग कार्य पारदर्शिता पूर्वक किये जाने का निर्देश दिया। इलेक्ट्रॉनिक सामान पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में कैलकुलेटर, मोबाइल, ब्लूटूथ, बाई-फाई, इलेक्ट्रॉनिक पेन इत्यादि जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा व्हाइटनर, इरेजर, सामान्य वॉच, ब्लेड जैसी सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों को फ्रिस्किंग करने के लिए सभी केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी द्वारा सभी स्टैटिक दंडाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वीक्षकों और केन्द्राधीक्षक के साथ परीक्षा संचालन के लिए बैठक आयोजित करना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा में संलग्न सभी वीक्षकों/कर्मियों का परिचय पत्र केन्द्राधीक्षक अपने स्तर से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रवेश पत्र धारक परीक्षार्थी ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश करेंगे। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा आरम्भ होने के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जायेगा तथा निर्धारित अवधि के समाप्ति के पूर्व किसी भी परीक्षार्थी को भवन/कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं दी जायेगी। किसी भी परिस्थिति में वीक्षक को मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। केन्द्राधीक्षक साधारण मोबाइल फोन का ही उपयोग करेंगे तथा उनके द्वारा स्मार्ट फोन का उपयोग नहीं किया जायेगा। कदाचार में लिप्त पाये जाने पर सुसंगत धारा के तहत कार्रवाई की जायेगी। पल-पल निगरानी रखने के लिए परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी लगायी गयी है, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी की व्यवस्था की गयी है। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर को निदेश दिया गया है कि परीक्षा केन्द्र के आसपास अवस्थित फोटो स्टेट दुकान, साईबर कैफे एवं इंटरनेट सुविधा देने वाले केन्द्रों को 13 दिसंबर को 08 बजे पूर्वा. से 02 बजे अप. तक बंद करवाना सुनिश्चित करेंगे। 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 सुनील कुमार, हिसुआ प्रखंड मुख्यालय स्थित चार परीक्षा केन्द्र तथा चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी एवं मो. इमरान परवेज पुलिस उपाधीक्षक ( मु. ) नवादा जिला मुख्यालय, नवादा स्थित अठारह परीक्षा केन्द्रों के विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में रहेंगे। सभी स्टैटिक दंडाधिकारी-सह-प्रेक्षक/जोनल दंडाधिकारी-सह-गश्ती दल दंडाधिकारी एवं उड़नदस्तादल दंडाधिकारी को निदेश दिया गया है कि उक्त परीक्षा को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए अवांछित तत्वों पर विशेष निगरानी रखना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा केन्द्रों, लॉज, कोचिंग संस्थानों आदि के आस-पास की गतिविधियों पर एवं फोटो स्टेट की दुकानों पर विशेष निगरानी रखेंगे। दिव्यांग अभ्यर्थियों को श्रुतिलेखक एवं अन्य सुविधाएं एवं अतिरिक्त समय दिया जायेगा। बैठक में अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, डीसीएलआर नवादा/रजौली, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा सदर के साथ-साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी, केन्द्राधीक्षक आदि उपस्थित थे।

## सिरदला: केंदुआ के महादलित टोला में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

सिरदला प्रखंड के ऊपर डीह पंचायत के महादलित टोला का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिससे ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश थे। बहुत परेशान हो रहे थे। इसकी सूचना राजद जिला सचिव राजेश कुमार यादव को मिला, उन्होंने इसका लिखित आवेदन संबंधित पदाधिकारीयों को दिया और अविलंब ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किए थे। कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता व कनीय अभियंता नसीरूद्दीन अंसारी से लगातार संपर्क बनाए रखा। जिसके फल स्वरुप दो दिनों में उपर्युक्त पदाधिकारियों की मौजूदगी में बिजली कर्मियों के सहयोग से नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। जिससे महादलित टोला में खुशी की लहर है।

## पंचायत सरकार भवन निर्माण को ले नीव खुदाई के दौरान मिली भगवान बुद्ध की तीन फीट की मूर्ति

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड के मोसमा गांव स्थित गढ़पर पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर नीव खुदाई किया जा रहा है। इस दौरान मंगलवार को लगभग तीन फीट उंची भगवान बुद्ध की मूर्ति खुदाई में प्राप्त हुई है, जिसे ग्रामीणों द्वारा पास स्थित चौहरमल मंदिर के पास रखा गया है।70 वर्षीय ग्रामीण विष्णुदेव पासवान ने बताया की गढ़पर पहले साम्बे स्टेट का कचहरी भवन हुआ करता था,जो समयांतराल टीला की शक्ल में बदल गया।फिलहाल गढ़पर की जमीन पर मोसमा पंचायत सरकार भवन का निर्माण को लेकर नीव की खुदाई की



जा रही है। करीब छह फीट खुदाई के बाद जेसीवी से पत्थर टकराने की आशंका हुई, तब सावधानी पूर्वक खुदाई की गई,जहा से मूर्ति प्राप्त हुई है, जिसे लोग गौतम बुद्ध की प्रतिमा बता रहे हैं। बता दे कि उक्त गढ़पर से प्राप्त मूर्ति भूरे रंग के पत्थर से निर्मित तीन फीट उंची है।वहीं शिला के उपरी भाग पर भगवान बुद्ध के सिर से गर्दन तक की आकार बनी है, जिसे ग्रामीणों द्वारा साफ-सफाई कर पूजा अर्चना की तैयारी की जा रही है।मोसमा ग्रामीण अखिलेश चौधरी,गुड्डू कुमार, नीतीश पासवान तथा सूरज पासवान समेत अन्य युवाओं ने कहा कि बाबा वीर चौहरमल मंदिर के बगल ही बुद्ध भगवान का मंदिर बनवाया जाएगा। मूर्ति निकलने की सूचना बाद उक्त स्थल पर दर्शन को लेकर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ने लगी है।हलांकि,स्थानीय प्रशासन अभी मूर्ति निकलने की बात से अनजान बनी है।

# शेखपुरा में 112 डायल करते ही आपके पास पुलिस पहुंच जाएगी ,पीड़ित के लिए हो रहा है वरदान साबित

लोकतंत्र की आवाज

शेखपुरा जिले में 112 नंबर पर डायल करते ही पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंच रही है, जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिल रही है। यह सेवा अब लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा बन गई है, क्योंकि वे किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत मदद प्राप्त कर सकते हैं। पुलिस की तत्परता और शीघ्रता से मौके पर पहुंचने से अपराधों और दुर्घटनाओं में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो रही है, जिससे अपराधों की रोकथाम में भी मदद मिल रही है। इस पहल ने शेखपुरा जिले में स्थानीय लोगों में सुरक्षा का अहसास बढ़ाया है और कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार किया है।शेखपुरा के एसपी बलिराम चौधरी ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि 112



नंबर की सेवा न केवल आम लोगों के लिए, बल्कि पुलिस विभाग के लिए भी एक बड़ा सहारा साबित हो रही है। इसके माध्यम से पुलिस अधिकारियों को घटनाओं की जानकारी समय रहते मिल जाती है, जिससे घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया की जा सकती है और जांच व अनुसंधान कार्यों में कोई विघ्न नहीं आता। यह सेवा अपराधों के समाधान में गति लाने के साथ-साथ पुलिस अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का सही तरीके से निर्वहन करने में मदद कर रही है।

एसपी बलिराम चौधरी ने यह भी बताया कि 112 नंबर की सेवा ने पुलिस विभाग की कार्यकुशलता में सुधार किया है और यह व्यवस्था शेखपुरा के निवासियों को अधिक सुरक्षित महसूस कराने में मददगार साबित हो रही है। अब लोगों को यह विश्वास हो चुका है कि उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है। 112 नंबर की सेवा ने ना केवल आम जनता के बीच विश्वास पैदा किया है, बल्कि पुलिस प्रशासन के कार्यों को भी एक नई दिशा दी है। इस व्यवस्था के सफल संचालन से शेखपुरा में अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## शेखपुरा डीएम आरिफ अहसन लगातार विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने गांव का कर रहे भ्रमण, डीएम के निर्देश पर विकास योजनाओं में आई गति

लोकतंत्र की आवाज

**शेखपुरा।** शेखपुरा के जिला पदाधिकारी, आरिफ अहसन ने घाटकुसुम्भा प्रखंड के गगौर और माफो पंचायतों में पंचायत सशक्तिकरण के तहत अब तक किए गए कार्यों का गहन आकलन किया। इस दौरान, उन्होंने पहले इन दोनों पंचायतों में चयनित खेल मैदानों का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से वहां बन रहे बास्केटबॉल और बैडमिंटन कोर्ट, रनिंग ट्रैक, और हाई जंप ट्रैक के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि खेल मैदानों को और अधिक आकर्षक बनाते हुए दर्शकों के बैठने के लिए भी सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि क्षेत्रवासियों को खेलों का भरपूर लाभ मिल सके। इसके साथ ही, श्री अहसन ने गगौर पंचायत में निर्माणाधीन पंचायत



सरकार भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि इस भवन का निर्माण मिशन मोड में पूरा किया जाए, ताकि पंचायत कार्यालयों की कार्यकुशलता में सुधार हो सके और जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकें। साथ ही, श्री अहसन ने पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने का भी निर्देश दिया। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत राज, श्रम विभाग, समेकित बाल विकास सेवाएं आदि शामिल हैं। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि इन योजनाओं का सही और समय पर क्रियान्वयन हो, ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को अधिकतम लाभ मिल सके। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी के साथ सियाराम सिंह, अपर समाहर्ता, संजय कुमार, उप विकास आयुक्त शेखपुरा, और अन्य जिलास्तरीय एवं प्रखंडस्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस समीक्षा बैठक ने यह स्पष्ट किया कि पंचायतों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है और सरकारी योजनाओं का लाभ अब अधिकतम लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

# नगर निगम द्वारा विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण एवं समीक्षा

## मुख्य मंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल, गांधी मैदान की भी कार्य की समीक्षा की गई

लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** नगर आयुक्त गया नगर निगम द्वारा ए. पी. कॉलोनी आशा सिंह मोड़ स्थित इनडोर स्टेडियम सह सामुदायिक भवन, गांधी मैदान स्थित वृद्धजन आश्रय स्थल एवं कचरा डंपिंग हेतु ट्रांसफर स्टेशन का स्थल निरीक्षण एवं समीक्षा की गई है।इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम सह सामुदायिक भवन वार्ड संख्या 32 का स्थानीय वार्ड पार्षद एवं सहायक अभियंता के साथ समीक्षा की गई है।इस भवन अभी जीर्ण शीर्ण अवस्था में है अतः सहायक अभियंता को उसका जीर्णोद्धार करने हेतु प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया ताकि उसका इनडोर स्टेडियम बैडमिंटन एवं अन्य इनडोर खेल के लिए के साथ साथ विभिन्न कार्यों के लिए उपयोग में लाया जा सकेगा। इसके साथ ही भवन के हॉल को जिम्नेजियम, योगा, मेडिटेशन के लिए भी किया जा सकता है जिसका प्राक्कलन बनाने हेतु अभियंता को निर्देश दिया गया है। इस से गया शहर को अपना एक इनडोर खेल परिसर मिल सकेगा। सहायक अभियंता को निर्देश दिया गया कि उपरोक्त का प्राक्कलन बनते हुए शीघ्र हीं इसपर कार्य प्रारंभ किया जाए। मुख्य मंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल, गांधी मैदान की भी कार्य की समीक्षा की गई है। सहायक अभियंता को 15 दिनों के अंदर सभी कार्यों को पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही रैंप की व्यवस्था करने हेतु आकलन करने का निर्देश दिया गया है।शहर के बीचों बीच ये स्थिति गांधी मैदान से सटे कैंपस में स्थित है। इस से वृद्धजनों को काफी आसानी होगी जो भी इस फैसिलिटी के उपयोग के लिए इक्षुक होंगे। इस आश्रय स्थल में 25 बेड की सुविधा है एवं ये



तीन फ्लोर का है। इसके साथ ही नारायण चुआ में बन रहे आश्रय स्थल जिसमें भी 25 बेड की सुविधा उपलब्ध है, को भी इसी के तहत अगले 20 दिनों में बचे हुए कार्य को पूर्ण करते हुए चालू अवस्था में लाने का निर्देश दिया गया है।

गांधी मैदान में एन सी ए पी के तहत ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण हेतु सहायक अभियंता को प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। प्राक्कलन में गेट एवं एरिया को कवर करने के लिए प्रावधान करने का निर्देश दिया गया। कई बार खबर आती है कि ट्रांसफर स्टेशन में असामाजिक तत्व कचरों को जला देते है। इस योजना के पूर्ण होने से इस तरह की घटना नहीं हो सकेगी। साथ ही लावारिस जानवरों के घुसने पर भी प्रतिबंध लगेगा। साथ में, बगल में स्थित गांधी मैदान में आए हुए आगंतुकों को भी किसी तरह के परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## सीतामढ़ी एवं मेसकौर थानाध्यक्ष ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, जुर्माना भी वसूला

लोक तंत्र की आवाज

**मेसकौर(नवादा)।** एसपी के निर्देश पर बुधवार को सीतामढ़ी थानाध्यक्ष रश्मि कुमारी एवं मेसकौर थानाध्यक्ष रुपेश कुमार की टीम ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान। इसके साथ कई वाहनों से जुर्माना भी वसूला गया। वहीं, पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच रहा ।सीतामढ़ी चौक, मेसकौर बाजार चौक एवं बीजूबीघा बाजार से गुजर रही अधिकांश दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की। इस दौरान डिक्की के साथ-साथ कागजात की भी जांच की जा रही थी। इस बाबत सीतामढ़ी थाना अध्यक्ष रश्मि कुमारी एवं मेसकौर थानाध्यक्ष रुपेश कुमार ने बताया की यातायात नियमों के उल्लंघन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने मेसकौर प्रखंड भर



में विशेष वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। दरअसल एसपी के निर्देश पर मेसकौर में यातायात नियमों पर लगाम कसने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान एसपी सख्ती से काम कर रहे हैं। हर वाहन को रोक कर तलाशी ली जा रही है।बता दें पुलिस का उद्देश्य यातायात नियमों का पालन करवाना और किसी भी अवांछनीय गतिविधि को रोकना है। चेकिंग अभियान का मकसद लोगों में सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देना और कानून का सख्ती से पालन करवाना है। एसपी अभिनव धीमान ने साफ किया है कि यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा ताकि यातायात व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगाम कसने के लिए प्रखंड मे विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।जांच के क्रम में पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालको को हेलमेट पहनने, कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने, वाहन की गति में नियंत्रण रखने, वाहन के सभी कागजात को दुरुस्त रखने का निर्देश देते हुए लोगों से जुर्माना भी वसूला। साथ ही बाइक पर तीन सवारों पर पुलिस की विशेष नजर रही।

## संक्षिप्त खबरें

### राजसूय यज्ञ का शुभारंभ जल यात्रा से



घनश्याम तिवारी

सिकंदरपुर /बलिया- स्थानीय क्षेत्र के दुहा विहरा स्थित वन खण्डी नाथ ( श्री नागेश्वर नाथ महादेव) मठ के प्रांगण में राजसूय यज्ञ शुरू होने से पहले ईश्वरदास ब्रह्मचारी मोनी बाबा के द्वारा अपने गुरु महेंद्र मुनि का पादुका पूजन किया गया उसके बाद वानखंडी नाथ मठ के मठाधीश श्रद्धानंद के द्वारा अग्रज पूजा किया गया उसके बाद महिलाएं शिर पर कलश लेकर के परमधाम स्थित घाघरा नदी के किनारे पहुंची और वहां से जल भरकर वानखंडी नाथ मठ पर पहुंचे यज्ञशाला के अंदर कलश स्थापना का कार्य पंडित रेवती रमण तिवारी के द्वारा कराया गया इस अवसर पर क्षेत्र की हजारों की संख्या में जनता ने कलश यात्रा में भाग लिया पंडित रेवती रमण तिवारी के द्वारा अश्व पूजा एवं गज पूजा कराया गया मठ के प्रांगण में यज्ञ में क्षेत्रीय जनता का उत्साह देखने को मिला इस अवसर पर 51 घोड़े और हाथी के साथ जल यात्रा निकाली जल यात्रा में शामिल लोगों के द्वारा मौनेश्वर महादेव की जय जयकार करते हुए मठ पर कलश यात्रा को स्थापित किया यह यज्ञ 40 दिन तक लगातार चलेंगी और अनेक विद्वान भाग लेंगे कलश यात्रा के संध्या समय साध्वी आर्य पंडित का प्रवचन हो रहा है।

### पूर्व बसपा सांसद अतुल राय को ल्टउ से झटका, केस ट्रांसफर की याचिका खारिज... ये है मामला



रत्ना

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पूर्व बसपा सांसद अतुल सिंह उर्फ अतुल राय की याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि पीड़िता ने घटना का फेसबुक पर लाइव किया था और अतुल राय और पूर्व आइपीएस अमिताभ ठाकुर पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। ऐसे में लखनऊ की एमपीएमएलए कोर्ट में विचारण की कार्यवाही चलने में कोई गलती नहीं कोर्ट ने कहा कि पीड़िता ने स्वयं घटना का फेसबुक पर लाइव किया था और अतुल राय और पूर्व आइपीएस अमिताभ ठाकुर पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। पीड़िता ठाकुर के पास लखनऊ में मिलने भी गई थी। अतः घटना का कुछ अंश लखनऊ में कारित हुआ था। ऐसे में लखनऊ की एमपीएमएलए कोर्ट में विचारण की कार्यवाही चलने में कोई गलती नहीं है। याचिका खारिज करते हुए यह आदेश जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने पारित किया। कोर्ट ने विस्तृत सुनवाई के बाद अपना निर्णय 20 नवंबर को ही सुरक्षित कर लिया था, जिसे मंगलवार को सुनाया गया।

# बिजनौर : सड़क हादसों में छात्र सहित तीन लोगों की हुई मौत, कोहराम



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट रोहित कुमार**

**भागूवाला।** देहरादून नैनीताल नेशनल हाईवे के किनारे भागूवाला में एक व्यक्ति पड़ा होने की सूचना मंडावली थाने को मिली। इस पर इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह चौहान मौके पर - पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराई गई। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मृत युवक का नाम अरुण कुमार पुत्र राजेंद्र सैनी उम्र 26 वर्ष निवासी श्यामीवाला बताई गई। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में छात्र सहित तीन की मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। एक भागूवाला में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दूसरे स्योहारा थाना क्षेत्र के घायल छात्र अमित की इलाज के दौरान मौत और तीसरी घटना नहटौर थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना में घायल एक महिला की मौत के बाद देर रात पुत्र की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता राजेंद्र सैनी ने बताया कि अरुण ने गैडी खाता में दुकान कर रखी थी। वहां से रोज आता जाता था। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गड्ढे में बाइक सहित जा गिरा। इससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दी। सूचना पाते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया गया।स्योहाराः 12 दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल हुए छात्र की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद उसके परिजनों में कोहराम मच गया। 28 नवंबर को 22 वर्षीय अमित कुमार पुत्र बबलू प्रजापति निवासी ग्राम खलीलपुर ताजपुर से कोचिंग करके बाइक द्वारा वापस स्योहारा लौट रहा था कि नूरपुर मार्ग पर स्थित छोटी नहर के निकट किसी अज्ञात ट्रेक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल का मुरादाबाद निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। सोमवार को उसकी हालत बिगड़ने पर उसको इलाज के लिए दिल्ली ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मंगलवार को अमित का शव घर आने पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया और सैकड़ों नम आंखों के साथ उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। नहटौरः नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम बारहखेड़ी निवासी अबूजर पुत्र इरशाद अपनी माता नन्ही उर्फ नन्हैया खातून वह बहन चमन के साथ अपनी बहन कहकशा पत्नी तकरीम के यहां किरतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दूधली से बाइक द्वारा वहां से वापस अपने गांव जा रहा था। जब वह नहटौर कोतवाली मार्ग पर स्थित ग्राम फतेहपुर के समीप पहुँचा किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। तीनों गंभीर रूप से घायल उन्हें नगर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर उनकी हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। जहाँ से परिजनों ने अबूजर व चमन को नगर के एक प्राइवेट हास्पिटल में भर्ती कराया। नन्हैया व अबूजर की हालत चिंताजनक देखते हुए प्राइवेट हॉस्पिटल ने उसे रेफर कर दिया परिजनों ने बताया कि नन्हैया ने धामपुर में दम तोड़ दिया। जबकि अबूजर की ने भी मौत हो गयी। कोतवाल धीरज सोलंकी बताया कि थाने पर अभी मौत होने की जानकारी नहीं दी गई है।

## बिजनौर युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

मंडावली क्षेत्र के ग्राम भागूवाला मे नवीन टोल प्लाजा के निकट खाई में शव पड़ा हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। युवक का शव दिखाई देने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया।सूचना पाते ही पुलिस भी मौके पर पहुंचीं और शव की शिनाख्त का प्रयास किया गया कुछ ही देर में शव की सनाखत अरुण कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार उम्र 25 वर्ष लगभग निवासी ग्राम श्यामी वाला के रूप में हुई। जानकारी करने पर पता चला कि अरुण कुमार गैडी खाता में मुर्गे की दुकान चलाता था, शाम के समय वह अपने काम से वापस घर के लिए निकला और भागूवाला तक पहुंच भी गया लेकिन घर तक नहीं पहुंच पाया।सुबह के समय उसका शव खाई में पड़ा हुआ मिला। उसकी मोटरसाइकिल भी वहीं पर पड़ी हुई मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दे दी गई मृतक अरुण के साथ उक्त घटना कैसे घटी किसी को पता नहीं चल पाया। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।


## यूपी में आज शीतलहर और घने कोहरे की चेतावनी, पढ़िए आइएमडी का ताजा अपडेट

लोक तंत्र की आवाज

**रत्ना**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शीतलहर और घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग आइएमडी ने ताजा अपडेट जारी किया। आगामी 11 से 13 दिसंबर के बीच उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों जैसे सहारनपुर शामली मुजफ्फरनगर बिजनौर अमरोहा मुरादाबाद रामपुर बरेली और मेरठ में शीतलहर चलने की संभावना है। जानिए आपके शहर के लिए मौसम का पूर्वानुमान और किन क्षेत्रों में असर रहेगा। लखनऊ का अधिकतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा।

## विधानमंडल में 17 दिसंबर को पेश होगा दूसरा अनुपूरक बजट



लोक तंत्र की आवाज

**रत्ना**

**लखनऊ।** शीतकालीन सत्र का कार्यक्रम जारी उत्तर प्रदेश सरकार 17 दिसंबर को विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 का दूसरा अनुपूरक बजट पेश करेगी। अगले दिन 18 दिसंबर को बजट चर्चा के बाद इसे पास कराया जाएगा। यह बजट जुलाई में पास हुए पहले अनुपूरक बजट से कम धनराशि का होगा। विधानसभा का कार्यक्रम जारी हो गया है जिसके अनुसार 16 दिसंबर को औपचारिक काम और विधायी कार्य होंगे। दूसरे दिन 17 दिसंबर को भी अध्यादेश, अधिसूचनाएं व नियम आदि सदन की पटल पर रखे जाएंगे। दोपहर में 12.20 बजे वित्तीय वर्ष 2024-25 का दूसरा अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया जाएगा। 18 दिसंबर को अनुपूरक बजट की अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद इसे सरकार पास कराएगी।

## नजीबाबाद पहुंची विश्व प्रसिद्ध पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल भजन संध्या में अपनी आवाज का जादू बिखेरा उनके गाये गीत व भजन पर देर तक झूमते रहे श्रोतागण

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

**नजीबाबाद।** नगर में एक निजि कार्यक्रम में शामिल होंने आई विश्व प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पौडवाल ने अपने भजन व गीत गाकर उपस्थित श्रोताओं को - मंत्रमुग्ध कर दिया। देर तक श्रोता - झूमते नजर आए। सीए रवीन्द्र अग्रवाल व - ज्योति अग्रवाल की माता - रेशमबाला अग्रवाल के 95 वें जन्म - दिवस पर बुंदकी रोड़ स्थित एक - डिग्री कालेज में आयोजित भजन - संध्या में सुप्रसिद्ध गायिका डा - अनुराधा पौडवाल ने फिल्मों में - गाये अपने गाने व टी सीरिज के - अपने भजनों को कार्यक्रम में। सुनाकर श्रोताओं की तालियां बटौरी। अनुराधा पौडवाल ने मेरी झोली छोटी पड़ गई रे मुझे इतना दिया मेरी माता ने...



तूने मुझे बुलाया शेरा वालिए.... पार करो मेरा बेड़ा भवानी.... प्रस्तुत किए।. अयोध्या श्री राम मंदिर बनने बनने पर दुनिया भर में में छाए गाने राम आएगे राम आएंगे मेरी झोपडी के भाग जाग जाएंगे .... सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया। उन्होंने श्याम तेरी बंशी पागल कर जाती है...... देना है तो जन्म जन्म का साथ... कौन कहता है भगवान आते नहीं..... भजन प्रस्तुत कर शमां बांध दिया। सीए रवीन्द्र अग्रवाल की फरमाइश पर अनुराधा पौडवाल ने कुछ खोकर पाना है कुछ पाकर खोना है.... व तुम मुझे साथ देने का वायदा करे.... गाकर श्रोताओं की वाहवाही बटोरी। भजन संध्या में सरदार मनदीप चड्ढा मन्नी ने भी अनुराधा पौडवाल के साथ मंच साझा करते हुए तुम मुझे साथ देने का वायदा करो.... सहित कई भजन सुनाकर श्रोताओं को भक्ति मय वातावरण में ले गये।

भजन संध्या में सीए रवीन्द्र अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, साजन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, विधायक स्वामी ओमवेश, अवनीश अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, डा मुकेश सक्सेना, सत्यप्रकाश मित्तल, मोहित महेंद्रा, लीना सिंघल, आशीष सिंघल, मुकुल अग्रवाल, मुकेश सिन्हा, गुरूपाल सिंह, डा राजीव अरोड़ा, राजीव अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक अतिथि उपस्थित रहे।

## बिजनौर पुलिस ने कॉमेडियन सुनील पाल एवं मुस्ताक अपहरण मामले में कई को पकड़ा, एक आरोपी के पिता ने जारी किया वीडियो

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट राजेन्द्र चौहान**

कॉमेडियन सुनील पाल और मुश्ताक खान के अपहरण और फिरौती के मामले में पुलिस की कई टीमें लगातार जांच में जुटी हुई हैं। अब तक पुलिस बिजनौर से करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले चुकी है। साथ ही सुनील पाल का मेरठ और मुश्ताक का बिजनौर थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। मुख्य दोनों आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। एक आरोपी के पिता ने वीडियो जारी कर अपने बेटे को निर्दोष बताया है। कॉमेडियन सुनील पाल और मुश्ताक खान के अपहरण और फिरौती के मामले में पुलिस मुख्य आरोपी के रूप में सामने आए लवीपाल और अर्जुन कर्णवाल की पूरी कुंडली खंगालने में जुटी हुई है। दूसरी तरफ



सोमवार की पूरी रात पुलिस ने बिजनौर शहर के रविदास नगर, अचरजान, चौधरियान, कस्बाबान और बुल्ला के चौराहे चाहशीरी क्षेत्र में दबिश देकर लवीपाल के दोस्तों और उसके परिजनों सहित करीब आठ लोगों को हिरासत में ले लिया है और पुलिस लगातार उनसे पूछताछ करने में जुटी हुई है। लवी पाल की जानकारी करने पर पता चला कि अपहरण कांड में लवी पाल उर्फ लवी चौधरी उर्फ सुशांत का नाम मुख्य आरोपी के तौर पर सामने आ रहा है। यूं तो लवी पाल ब्याज पर पैसा देने का काम करता है, पर 2017 के निकाय चुनाव में नगर पालिका बिजनौर के वार्ड नंबर एक से सभासद पद के लिए चुनाव लड़ चुका है। उस वक्त सुशांत सिंह के नाम से चुनाव लड़ा था। चार सौ वोटों से चुनाव हारा और दूसरे नंबर पर रहा था। साल 2016 में लवी पाल उर्फ सुशांत कार चोरी के केस में जेल जा चुका है। वहीं, दूसरे आरोपी अर्जुन कर्णवाल के पिता की मार्केट में कई दुकानें हैं साथ ही वह कारोबारी है। अर्जुन के पिता रवि कर्णवाल ने एक वीडियो जारी कर बताया कि उनका बेटा चार दिन से वैष्णो देवी यात्रा पर गया हुआ है। उसे अखबारों के माध्यम से जानकारी मिली कि अपहरण के मामले में उसका बेटा संलिप्त पाया गया है। वह पुलिस चौकी पर गया जहां से कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने उसके कई परिजनों को उठा रखा है। साथ ही उसके बेटे से भी संपर्क नहीं हो रहा है। अब वह एसपी के पास जाना चाहते हैं और अपने-अपने बेटे को निर्दोष भी बताया है।

# बिजनौरः दो माह में 4 बेटे और पिता की मौत

लोकतंत्र की आवाज़

**रिपोर्ट जसवीर सिंह**

बिजनौर की तहसील के क्षेत्र नहटौर में एक परिवार में हाहाकार मचा हुआ है बताया जा रहा है कि बुखार ने एक परिवार को उजाड़ दिया है बिजनौर में बुखार से गईं 4 जान, एक बेटे की हादसे में मौत बुजुर्ग की मौत के बाद गमगीन परिजन । बिजनौर के नहटौर इलाके में कुछ समय के अंतराल में चार बेटों की मौत के बाद आज पिता की भी बीमारी के चलते मौत हो गई है। एक ही परिवार में पिता और उसके चार बेटों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामला बिजनौर के नहटौर थाना क्षेत्र के गांव निजातपुर का है। यहां के रहने वाले 73 वर्षीय अहमद अली के छह बेटों में से चार की मौत बीते कुछ समय के अंतराल में हो चुकी है। इससे परिवार गहरे सदमे



में था, लेकिन मंगलवार को बीमारीके चलते बुजुर्ग पिता अहमद अली की भी मौत हो गई। एक बेटे की हादसे में गई जान परिजनों के मुताबिक उनके 48 वर्षीय बेटे मोहम्मद मुस्लिम की बुखार के चलते 14 अक्टूबर 2024 को मौत हो गई थी। इसके एक सप्ताह के भीतर छोटे बेटे शाहरूम और नवाजिस की भी बुखार आने से मौत हो गई। एक सप्ताह में तीन बेटों की मौत से परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था, जबकि लगभग 1 महीने पहले अहमद के एक और बेटे अब्बास की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि पूरा परिवार गरीब है और मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा था। आज पिता की मौत से परिवार पर दुखो का पहाड़ टूट गया है।

# बिजनौरः नजीबाबाद रेलवे स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

लखनऊ से देहरादून के बीच संचालित वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का नजीबाबाद स्टेशन पर प्रथम बार ठहराव हुआ। देहरादून से वापसी पर नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर रेलवे की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पहुंची उत्तराखंड की विधानसभा अध्यक्ष और कोटद्वार से विधायक ऋतु भूषण खंडूरी ने ट्रेन को हरि झंडी दिखाई और लखनऊ के लिए रवाना किया। इस दौरान यात्रियों में वंदे भारत ट्रेन में यात्रा को लेकर काफी उत्साह भी देखने को मिला। वंदे भारत ट्रेन का नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज होने के बाद मंगलवार को नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर रेलवे की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पहुंची कोटद्वार विधायक व उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष ऋतु खंडूरी का सर्वप्रथम स्थानीय भाजपा नेताओ ने स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऋतु भूषण खंडूरी ने कहा कि रेलवे को अपनी प्रोपर्टी माननी चाहिए वो सरकार की प्रॉपर्टी नहीं है। इस लिए उसे साफ रखना और उसका ध्यान रखना भी हमारी जिम्मेदारी है, उन्होंने आगे कहा कि बंदे भारत ट्रेन आधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस के नजीबाबाद पहुंचने पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और उत्तराखंड विधानसभा



अध्यक्ष ने किया स्वागत सुविधाओं से लैस है। एक फ्लाइट की तरह उसमें फेसिलिटी है, उन्होंने कहा कि वह चाहती है कि यहां से मुंबई, अजमेर आदि स्थानों के लिए भी ट्रेन चले ताकि नजीबाबाद की जनता के साथ साथ कोटद्वार की जनता को भी काफी लाभ होगा। अपने निर्धारित समय पर देहरादून से लखनऊ जाने वाली वंदे भारत ट्रेन नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची। प्रथम बार ठहराव पर कोटद्वार विधायक ऋतु भूषण खंडूरी ने स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों, राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ ट्रेन का स्वागत करते हुए हरि झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन, पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह, नगर निवासी राजन टंडन गोल्डी, डॉक्टर जौहर, डॉक्टर राजीव अरोड़ा, नुकुल अग्रवाल, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, सुबोध पाराशर, मनोज शर्मा, अभिषेक तड़ियाल, बिट्टू भटनागर, सुविधा भटनागर, शुभम ग्रोवर आदि उपस्थित रहे।

## बिजनौर किसानों को फसल काटने का मिले मौकाः राकेश टिकैत

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**मंडावर।** गंगा पार कर्नल के डेरे पर किसानों की महापंचायत हुई जिसमें वन विभाग द्वारा जेसीबी चलाकर वन विभाग की जमीन निकाली जा रही है और किसानों की खड़ी फसलों को गंगा पार भी जेसीबी चलाकर नष्ट किया जा रहा है किसानों के आहावान पर पहुंचे चौधरी राकेश टिकैत ने महापंचायत में पहुंच कर किसानों की समस्या को सुना और वन विभाग के अधिकारियों और एसडीएम से वार्ता करते हुए कहा की किसानों की फसलों को बर्बाद न किया जाए और इन्हें अपनी फसलों को काटने किसानों के डेरे पर हुई किसानों की



महापंचायत का मौका मिले। बिजनौर डीएम और मुजफ्फरनगर डीएम अधिकारियों के साथ मिलकर एक मिटिंग लें और किसानों को कुछ दिनों का मौका मिले जिसमें वह अपनी फसलों को काट लें फसलों पर कोई जेसीबी न चलायें और किसानों की जमीन को पुरा कर वन विभाग अपनी जमीन निकाल लें। इस मौके पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे और वन विभाग रेंजर महेश गौतम और एसडीएम सहित राजस्व विभाग की टीम और मंडावर थाना प्रभारी सहित बिजनौर फोर्स मोजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मौसम का बदला मिजाज, बढ़ी कनकनी



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पूरे पीरपैंती प्रखंड में पछुआ हवा के रुख से ठंडी का पारा चढ़ा हुआ है। लोग घरों में दुबकने के लिए लाचार है। सड़के वीरान नजर आ रही है। लोग अपना जरूरी काम को सूर्यास्त के पहले निपटा लेना जरूरी समझ रहे है। सड़कों, गलियां ,बाजारों में लोगों का आवागमन अन्य दिनों की अपेक्षा कम है। शुरुआती ठंडी का यह हालत है,तो आने वाले ठंडी का भी अंदाजा लगाया जा सकता है।बढ़ते हुए ठंडी के प्रभाव से स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों में इफाजा हुआ है। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि घर से निकलते समय पूरा गर्म कपड़ा पहने, गर्म पानी का सेवन करें, ताजा भोजन करें, बच्चों का विशेष ख्याल रखें।

### नवगछिया पुलिस जिला सीनियर बॉल बैडमिंटन टीम का चयन 13 को



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर।15 से 17 दिसंबर 2024 तक कामेश्वर मध्य विद्यालय परमानंदपुर (घेलाढ़),मधेपुरा में आयोजित होने वाली 31वीं बिहार राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप (पुरूष व महिला) में भाग लेने वाली नवगछिया पुलिस जिला सीनियर बॉल बैडमिंटन टीम का चयन 13 दिसंबर/शुक्रवार को अपराह्न 4 बजे बिहपुर के रेलवे इंजीनियरिंग दुर्गा मंदिर के मैदान पर किया जाएगा। इस चयन प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर होंगे।यह जानकारी राज्य प्रवक्ता सह जिला सचिव ज्ञानदेव कुमार ने दी।

### एस्क्लेपियस वैलनेस स्वास्थ्य जागरूकता अभियान जारी काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। बुधवार को भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत मड़वा व जमालपुर गांव में एस्क्लेपियस वैलनेस का स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। एस्क्लेपियस वैलनेस स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में ग्रामीणों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।सभी ने आयुर्वेद को समझा और अपनाया। सभी लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और आयुर्वेद की जानकारी आयुर्वेद विशेषज्ञ मुरारी पाठक के द्वारा दी गई। सभी लोगों ने आयुर्वेद को बहुत सराया और अपनाया भी। ग्रामीणों का मानना है कि इस आयुर्वेद से काफी लोग ठीक भी हो रहे हैं ।और एस्क्लेपियस वेलनेस की प्रशंसा भी कर रहे थे। मुरारी पाठक ने सभी को समझाया कि आयुर्वेद हमारे शरीर के लिए कितना आवश्यक है , आयुर्वेद को अपना कर हम हमेशा स्वस्थ रह सकते हैं । मुरारी पाठक ने वादा किया हर महीने हर दिन स्वास्थ्य जागरूकता अभियान हर एक गांव में करते चलेंगे ।लोगों को स्वास्थ्य प्रति जागरुक करते रहेंगे। एस्क्लेपियस वैलनेस स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के मौके पर मोहम्मद इस्तखार , सगीर रहमान व काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# शराब के साथ शराब कारोबारी सहित शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले संसाधनों को पुलिस ने किया जप्त

लोकतंत्र की आबाज



**वारिसनगर/समस्तीपुर।** थानाक्षेत्र के भादोघाट से मिली गुप्त सूचना पर वारिसनगर पुलिस द्वारा क़ी गई छापमारी मे कुल एक सौ दो लीटर दारू एवं दारू बनाने मे प्रयुक्त उपकरण के साथ चार कारोबारी जिसमे तीन महिला क़ी गिरफ्तारी क़ी गई। पुअनि० रितु पासवान को सुबह करीव 07:30 बजे सुचना मिली की ग्राम भादोघाट में लखीन्द्र चौधरी और शम्भू चौधरी देशी शराव बनाता है और बेचता है जिसपर शराव का कई मुकदमा भी दर्ज है उक्त सुचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई में सअनि० अफरोज आलम, रोहित कुमार, जय जय राम यादव, सिपाही, चौकीदार के साथ भादोघाट स्थित शम्भू चौधरी के घर के पास पंहुचे तो शम्भू चौधरी घर से निकलकर भागने लगा जिसका पीछा किया गया परन्तु भागने में सफल रहा, तत्पश्चात सशस्त्र बल के सहयोग से चार पांच घर का घेरावंदी किया गया।

शम्भू चौधरी पिता महेश्वर चौधरी के घर के पीछे झोपडी में गया तो देखा की गैस चूल्हा पर शराव बनाया जा रहा है जंहा से एक लाल रंग का इन्डियन गैस, दो गैस चूल्हा एक अछिया लोहा का, दो टीना पाईप लगा हुआ दो टोकना प्लास्टिक के पिला रंग के जार में करीव 20 लीटर देशी शराव वरामद हुआ एवं शम्भू चौधरी पिता महेश्वर चौधरी के घर पर गया तो देखा की यंहा भी एक महिला गैस चूल्हा पर शराव बना रही है जिसे पकड़कर नाम पता पूछने पर अपना नाम जानकी देवी उम्र करिव 42 वर्ष पति शम्भू चौधरी ग्राम भादोघाट थाना वारिसनगर जिला समस्तीपुर बतायी, जंहा से एक हरा रंग के पलास्टिक के उच्चा में 20 लीटर देशी शराव. एक उजला रंग के प्लास्टिक के डवा में 10 लीटर देशी शराव वरामद हुआ,इस प्रकार शम्भू चौधरी के झोपडी एवं घर से कुल 50 लीटर देशी शराव वरामद हुआ जिसका विधिवत जप्ती सूचि बनाकर जप्त किया तथा पकडाए महिला को गिरफ्तार किया । तत्पश्चात (2) बगल के घर में गया तो देखा कि यंहा भी एक महिला और एक पुरुष मिलकर देशी शरात दो चूल्हा, एक माटी और एक गैस चूल्हा पर बना रहे है।

दोनों को पकड़कर नाम पता पूछने पर अपना अपना नाम लखीन्द्र चौधरी उम्र 45 वर्ष पिता मेघु चौधरी एवं जानकी देवी उम्र 41 वर्ष पति लखीन्द्र चौधरी दोनों ग्राम भादोघाट थाना वारिसनगर जिला समस्तीपुर बताया जंहा से एक इंडियन गैस, एक दो अछिया चूल्हा पाच टोकना छोटा बड़ा . एक प्लास्टिक के बाल्टी में करीव 20 लीटर देशी शराव . लाल रंग के प्लास्टिक के डवा में 10 लीटर देशी शराव इस प्रकार लखीन्द्र चौधरी के घर से कुल 30 लीटर देशी शराव वरामद हुआ जिसका विधिवत जप्ती सूचि बनाकर जप्त किया तथा पकडाए दोनों व्यक्ति को गिरफ्तार किया तत्पश्चात बगल के घर में गया तो देखा की यंहा भी एक महिला गैस चूल्हा पर देशी शराव वना रही है जिसे पकड़कर नाम पता पूछने पर अपना नाम कारो देवी उम्र 38 वर्ष पति नेपाली चौधरी ग्राम भादोघाट थाना वारिसनगर जिला समस्तीपुर बताई।

उलेखनीय है की लखीन्द्र चोधरी पर पूर्व में भी शराव बनाने एव कारवार करने के आरोप में कुल तीन कांड- 310/23 336/22 ,239/22 वारिसनगर थाना में दर्ज है क़ी पुस्टि वारिसनगर थानाध्यक्ष निरंजन कुमार ने क़ी है।

## सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम को बेहतर क्रियान्वयन वास्ते फोकल शिक्षकों का कार्यशाला आयोजीत



लोकतंत्र की आबाज

**दिलीपकुमार ठाकुर।**
**खानपुर समस्तीपुर।** प्रखंड में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन वास्ते जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्राथमिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान, समस्तीपुर के निदेशानुसार प्रखंड बीआरसी भवन मसीना सभागार में फोकल शिक्षकों का प्रशिक्षण/कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी , बीपीएम शौकत इमाम, विकास सिंह, विष्णुदेव सिंह , शत्रुघ्न शर्मा,किशोर कुमार सौरभ कुमार बीआरपी शिक्षा विभाग एवं राजकीय प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक और मनोज कुमार जिला प्रशिक्षक ने संयुक्त रूप से किया।

प्रशिक्षक द्वारा शिक्षकों को सुरक्षित शनिवार गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन, नियमित समय पर इ - शिक्षाकोश के पोर्टल पर प्रविष्ट अपलोड करना, विद्यालय आपदा प्रबंधन योजना एवं विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति की समीक्षा अपडेट करना तथा बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं से रोकथाम वास्ते विद्यालय पोषक क्षेत्र में जागरूकता प्रचार - प्रसार कराना आदि महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

इस प्रशिक्षण के आयोजन एवं मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन वास्ते जिला शिक्षा विभाग ने मोहम्मद गुलाम कादिर जिला रिसोर्स पर्सन आपदा प्रबंधन समिति समस्तीपुर को जिम्मेवारी सौंपी गई है और प्रत्येक शनिवार को जिले के सभी प्राथमिक विद्यालय/ मध्य विद्यालय/उच्च विद्यालय एवं उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में इस गतिविधि का निरीक्षण भी जिला रिसोर्स पर्सन करेंगें क़ी बात कही गई है।

## निर्माणाधीन खेल मैदान का उप विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर।** उप विकास आयुक्त संदीप शेखर प्रियदर्शी द्वारा कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत निर्माणाधीन खेल मैदान तथा आर सेटी (फ-रएळक)के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात कल्याणपुर प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक की गई। उप विकास आयुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाने हेतु तथा गुणवत्ता मानक के अनुरूप रखने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी कल्याणपुर, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा समस्तीपुर , एलडीएम समस्तीपुर सहित अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु आम सूचना थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर के नेतृत्व में दिया गया

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** बुधवार को बिहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राहुल कुमार ठाकुर के नेतृत्व में वाहन के द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से सभी आम जनता को सूचित किया गया।कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार दिनांक 14 दिसंबर, 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन देश के सभी न्यायालयों के साथ-साथ व्यवहार न्यायालय, नवगछिया के प्रांगण में होना सुनिश्चित है।

अतः सभी आम जनों से निवेदन है कि अगर किसी भी प्रकार का कोई मुकदमा व्यवहार न्यायालय, नवगछिया में लंबित है तथा जिनका निष्पादन / समापन समझौते के आधार पर कराना चाहते हैं, तो वे सभी पक्षकार दिनांक 14 दिसंबर, 2024, दिन शनिवार को सुबह 10:00 बजे निश्चित रूप से व्यवहार न्यायालय, नवगछिया में उपस्थित होकर अपने-अपने मुकदमों का निष्पादन कर सकते हैं ।आम-जनों को यह भी सूचित किया गया कि दिनांक 14-12-2024 दिसंबर,के पूर्व भी हर कार्य दिवस में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निष्पादन हेतु व्यवहार न्यायालय, नवगछिया में बैठक का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे पक्षकार उपस्थित होकर अपने मुकदमों के निष्पादन के संबद्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।

## भोला टाकीज एवं मुक्तापुर रेल गुमटी पर औभरब्रीज निर्माण कार्य शुरू हो : सुरेंद्र

लोकतंत्र की आबाज



**समस्तीपुर।** भोला टाकीज, मुक्तापुर एवं दलसिंहसराय रेल गुमटी पर औभरब्रीज निर्माण कार्य शुरू करने की मांग को लेकर 12 दिसंबर को रेल विकास एवं विस्तार मंच के बैनर तले आहूत मुक्तापुर रेल गुमटी एवं समस्तीपुर स्टेशन चौक पर प्रदर्शन-सभा को बड़ी भागीदारी दिलाकर सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को भाकपा माले ने शहर के विभिन्न वार्डों में चलाया सघन जनसंपर्क अभियान।

भाकपा माले के सुरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रभात रंजन गुप्ता, मो० क्यूम, रामबली महतो, मो० सगीर, जयंत कुमार, दिनेश कुमार , रामचंद्र पासवान, जीबछ पासवान, उपेंद्र राय, संजीत पासवान, मो० परवेज, अरशद कमाल बबलू आदि के नेतृत्व में विभिन्न मुहल्ले एवं वार्डों का दौरा कर रेल विकास एवं विस्तार मंच एवं भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने उक्त कार्यक्रम को बड़ी भागीदारी दिलाकर सफल बनाने की अपील लोगों से मिलकर की।

मौके पर माले नेता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि रेल विकास एवं विस्तार मंच उक्त मांगों को लेकर दो दशकों से अधिक समय से संघर्षरत है। जिलाधिकारी , डीआरएम के समक्ष धरना- प्रदर्शन समेत सैकड़ों आंदोलन हुए। दिल्ली जाकर सांसद से प्रतिनिधिमंडल मिला एवं रेलवे बोर्ड को ज्ञापन सौंपा गया। लेट लतीफ़ होने पर मंच के सदस्यों के पहले पर तत्कालीन सांसद प्रिंस राज लोकसभा में ध्यानाकर्षण प्रश्न पूछा तो बिहार विधानसभा में राज्य सरकार के यहां फाईल पेंडिंग पड़ रहने को लेकर समस्तीपुर विधायक अख्तरूल इस्लाम शाहीन ने प्रश्न किया। कई बार डीपीआर बना। कभी रेलवे ने तो कभी बिहार सरकार ने डीपीआर को बदलने की बात कही। अब जब बिहार कैबिनेट ने इसे पास कर अपना अंशदान के लिए तैयार हो गया तो काम को लटकाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में एक बार फिर रेल विकास एवं विस्तार मंच ने अनवरत आंदोलन चलाने का शंखनाद किया है और इसके प्रथम कड़ी के बतौर 12 दिसंबर को 11 बजे से मुक्तापुर रेल गुमटी पर प्रदर्शन-सभा शुरू होगा। तत्पश्चात मुक्तापुर रेल गुमटी से जुलूस निकालकर समस्तीपुर स्टेशन चौक पर प्रदर्शन-सभा का आयोजन किया जाएगा। माले नेताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रदर्शन-सभा को सफल बनाने की अपील जिला वासियों से की है।

## बिना हेलमेट वाले को वाहन चेकिंग चालान राशि से खरीद पहनाया हेलमेट

- मथुरापुर पुलिस कि एक अच्छी पहल

लोकतंत्र की आबाज



**वारिसनगर/समस्तीपुर।** मथुरापुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सदलबल के साथ सदर अंचल निरीक्षक शिवकुमार यादव के नेतृव मे विशेष वाहन चेकिंग अभियान मे बिना हेलमेट बाले बाइक रायडर को चालान राशि से हेलमेट क्रय कर पहनाते हुए यातायात ट्रेफिक नियम का सख्ती से पालन क़ी जानकारी दी गई, यह एक अच्छी पहल है। प्रतिदिन होती सड़क दुर्घटना मे बिना हेलमेट मौत प्रतिशत बढ़ाता है। लोगो को चेतने का संदेश है।' सदर सर्किल इंस्पेक्टर शिव कुमार यादव व मथुरापुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार की एक अच्छी पहल, चालान के रुपये से ही हेलमेट खरीदकर वाहन चालक को पहनाएं। मथुरापुर थाना पुलिस द्वारा सर्किल इंस्पेक्टर के नेतृत्व में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 10 हजार रुपया चालान की राशि वसुल करते हुए उन्हीं रुपयों से पांच व्यक्ति को हेलमेट खरीदा कर पहनाया गया एवं ट्राफिक नियम की जानकारी देते हुए उनका पालन करने का निर्देश दिया गया।

## भागलपुर के एक कैफे में आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए युवक और युवती

लोकतन्त्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**भागलपुर।** भागलपुर में एक कैफे से 11 युवकों और 5 युवतियों को पकड़ा गया है। यह कार्रवाई तब हुई जब पुलिस को सेक्स रैकेट के संचालन की सूचना मिली। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस कैफे में ग्राहकों को एक हजार रुपए में निजी केबिन उपलब्ध कराए जाते थे, जहां अवैध गतिविधियाँ संचालित होती थीं।

हबबीपुर थाना से सौ मीटर की दूरी पर बने कैफे से 11 युवक और पांच संदिग्ध युवतियों को पकड़ा है। पुलिस की ओर से मिली जानकारी के अनुसार बताया गया है कि बीते दो वर्ष से यह कैफे चल रहा है। जिसमें शुरुआत से ही सेक्स रैकेट का खेल चल रहा है। जिसका खुलासा कुछ दिनों पहले हुआ है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान मौके से कुछ आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया है। छापेमारी के बाद मौके से नवटोलिया निवासी दोनों कैफे संचालक गायब है।पुलिस ने सूचना मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए कैफे पर छापा मारा। इस छापेमारी के दौरान कई लोग पकड़े गए, जिनमें युवक और युवतियाँ शामिल थीं। पुलिस ने बताया कि यह रैकेट लंबे समय से चल रहा था और इसमें शामिल लोग विभिन्न तरीकों से ग्राहकों को आकर्षित करते थे।इससे पहले भी इस कैफे पर शराब और ड्रग्स तस्करी के मामले में शामिल होने का आरोप है।

खुलेआम चल रहे सेक्स रैकेट पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। सिटी एसपी के रामदास ने बताया कि एक कैफे से कुछ संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। टीम सभी से पूछताछ कर रही है। मामले में अगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच जारी है। भागलपुर में कैफे से पकड़े गए 11 युवक और 5 युवतियाँ एक बड़े सेक्स रैकेट का हिस्सा थे।

## उर्दू हमारी राष्ट्रीय और मातृभाषा है कारी रिज़वान अहमद

लोकतंत्र की आवाज



**सुपौल।** अंजुमन तर्की उर्दू के तत्वाधान में सोपोल में एक दिवसीय उर्दू जागरूकता सम्मेलन आयोजित किया गया, इसमें जाने-माने लेखकों, कवियों और मदरसों से जुड़े गणमान्य लोगों ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए और यह भी निर्णय लिया गया कि एक उर्दू जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिले के हर ब्लॉक में किया जाएगा.

इसकी अध्यक्षता अंजुमन तर्की उर्दू बिहार के सचिव अब्दुल कय्यूम अंसारी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हारून रशीद, उर्दू भाषा कोषांग सोपोल के प्रभारी पदाधिकारी अनुराग कुमार उपस्थित थे. सम्मेलन का संचालन श्री मौलाना ज़ियाउल्लाह रहमानी ने किया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। इसके बाद अंजुमन तर्की उर्दू सोपोल के महासचिव कारी रिज़वान अहमद ने अतिथियों का स्वागत शॉल और गुलदस्ता देकर किया। तक़री उर्दू सोपोल ने परिचय देते हुए उर्दू जागरूकता सम्मेलन की आवश्यकता पर बल दिया उन्होंने अपने भाषण में कहा कि उर्दू को बढ़ावा देने के लिए अपने बच्चों को उर्दू सिखाएं और बच्चों को उर्दू शिक्षा की ओर आकर्षित करें तभी उर्दू का भला होगा।

बाद में मास्टर बदी-उज ज़मां और मौलाना मुहैबुल्लाह अल-पख्तीकी ने उर्दू भाषा पर अपने विचार व्यक्त किए, जबकि मदरसा इस्लामिया क़क़िीकुल-ए-कुरान छठी पुलार के निदेशक मौलाना निमातुल्लाह कासमी ने कहा कि हमें लोगों के बीच जाना होगा। झोपड़ियों में रहने वाले बच्चे उर्दू पढ़ाते हैं और हर दिन उर्दू सीखने की कोशिश करते हैं, जगह सार्वजनिक होनी चाहिए, साथ ही जो बच्चे बड़े स्कूलों में पढ़ रहे हैं, उन्हें उर्दू पढ़ने पर जोर देने की जरूरत है, जामिया इस्लाह अल के अध्यक्ष मुफ्ती मिराज सईद कासमी ने कहा। बनत मदरसे ने उर्दू के प्रचार-प्रसार में मदरसों की भूमिका पर प्रकाश डाला। रखना

प्रसिद्ध शायर कैसर अली राणा और कारी नजमुद्दीन रहमानी ने एक कविता पढ़ी जिसमें उर्दू को बढ़ावा देने का संदेश शामिल था, जमीयत उलेमा सुपौल के अध्यक्ष मौलाना रमजान अली कासमी ने अपनी टिप्पणियों में उर्दू समाचार पत्रों, पोर्टलों आदि को पढ़ने पर जोर दिया और कहा कि उर्दू पढ़ें। इसके बाद अंजुमन त्रागकी उर्दू बिहार के सचिव मौलाना अबुल एक महान पत्रकार, सुपौल ने अपनी टिप्पणी में कहा कि उर्दू को बचाने के लिए उर्दू पत्रिकाएं आदि खरीदनी और पढ़नी होंगी। अब्दुल कय्यूम अंसारी, पूर्व चेयरमैन बिहार शिक्षा बोर्ड ने कहा कि उर्दू जागरूकता सम्मेलन का उद्देश्य लोगों को उर्दू के प्रति जागृत करना, अच्छी बातों का बार-बार जिक्र करना है ताकि लोग इसकी ओर आकर्षित हों. एसोसिएशन का काम लोगों को जागृत करना है ताकि उर्दू को बढ़ावा दिया जा सके, कार्यक्रम के अंत में छात्रों को प्रमाण पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः जिला प्रशासन ने तैयारियों का लिया जायजा



ब्यूरो चीफ मोतिहारी

पूर्वी चम्पारणः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिला संवाद यात्रा के दौरान मोतिहारी आने कि संभावना है, इसको लेकर जिला प्रशासन सुगौली प्रखंड के सुगाँव उतरी पंचायत में तैयारी तेज कर दिया है। बताते चलें कि यहाँ पंचायत सरकार भवन, जन जीवन हरियाली के तहत पोखर का सहित अन्य योजना का करेंगे उद्घाटन,इस दौरान एसपी स्वर्ण प्रभात,नगर आयुक्त सहित अन्य पदाधिकारी ने स्थल का निरीक्षक किया।

### मोतिहारीः पुलिस ने देशी चुलाई शराब कारोबारी के साथ,35 लीटर चुलाई शराब बरामद

ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत

पूर्वी चम्पारणःआदापुर पुलिस नें कटगेनवा में एक शराब कारोबारी नानू मांझी,पिता परमेश्वर मांझी को 35 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ और नरेश पासवान पिता अदालत पासवान, ग्राम दुबहां बाज़ार को मोटरसाइकिल पर 55 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब ( 300 एमएल ) के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस ने पकड़े गए दोनों शराब कारोबारियों से गहन पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### रात्रि में निकले एसपी ने किया पुलिस सक्रियता का निरीक्षण, दिए निर्देश

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। पुलिस जिले में ठंड बढते ही चोरी की घटनाओ में भी इजाफा हो गई है। आपराधिक घटनाओं से लोग परेशान है। इस बीच बगहा पुलिस कप्तान सुशांत कुमार सरोज ने घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए खुद कमान संभाल ली है। मंगलवार रात एसपी अचानक गश्ती पर निकलकर विभिन्न चौक चौराहे और गलियों में पुलिस की सक्रियता का जायजा लिया। दरअसल, सोमवार को गंडक नदी के किनारे से पुलिस ने एक शव बरामद किया था। इसके बाद रात में चोरों ने एक दुकान की दीवार तोड़कर चोरी को घटना को अंजाम दिया था। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने कहा कि जब पुलिस रात में जागेगी, तभी जनता चैन की नींद सो पाएगी। ठंड के मौसम में अपराध बढ़ने की संभावना को देखते हुए उन्होंने पुलिस को सतर्क रहने और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इधर एसपी के रात्रि में गश्ती पर निकलने के बाद पुलिस की गश्ती में तेजी आई है। इधर एसपी के एक्शन में आने के बाद सुबह पुलिस सड़क पर उतर गई।

### लोक सेवाओं के अधिकार अधिनियम के तहत पंचायतों में ही जमा होंगे आवेदन :बीडीओ

गौनाहा / प्रखंड बीडीओ शिवजन्म राम ने बताया कि सभी पंचायतों में लोक सेवाओं के अधिकार अधिनियम के तहत आमजनों को सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सभी पंचायत भवन या पंचायत सरकार भवन में आवेदन जमा किए जायेगें। ताकि लोगों को प्रखंड व अंचल कार्यालय का चक्कर नही लगाना पड़े। उन्होंने बताया कि जाति, आय, निवास, आयुष्मान कार्ड, पेंशन इत्यादि का आवेदन संबंधित पंचायत के संबंधित कार्य पालक सहायक द्वारा निःशुल्क प्राप्त किया जायेगा। ताकि आम जनों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उनका कहना था सभी 18 पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, सरपंच , पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य आदि को सूचना ढ़ी गयी है। ताकि इसका प्रचार–प्रसार कर पंचायत वासियों को इसकी जानकारी दी जाये। बीडीओ का कहना है कि सभी 18 पंचायत के कार्यपाल सहायक को भी इसकी जानकरी दे दी गयी है की वे अपने–अपने पंचायत भवन या पंचायत सरकार भवन में उपस्थित होकर आवेदन जमा करे।

# मोतिहारीः 'चाटवाले' के जीएसटी नंबर पर बांग्लादेश भेजा गया 7 करोड़, डीआरआई की छापेमारी में बहुत बड़ा खुलासा

लोकतंत्र की आवाज

**7 करोड़ टैक्स चोरी चाट वाला ने नहीं किसी और ने इसके नाम पर कर ली,**




**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी/रक्सौल** । पूर्वी चंपारण में टैक्स चोरी का एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। ठेला पर चाट बेचने वाले पर 7 करोड़ रुपये टैक्स चोरी का मामला सामने आया. दो दिन पूर्व डीआरआई की टीम ने चाट वाले घर छापेमारी की। चाट वाले को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो हैरान करने वाला खुलासा हुआ. दरअसल, 7 करोड़ टैक्स चोरी चाट वाला ने नहीं किसी और ने इसके नाम पर कर ली, दरअसल, पिछले दो दिनों से पूर्वी चंपारण के रामगढ़वा प्रखंड अंतर्गत रिपुराज राइस मील और उसके मालिक से जुड़ी कम्पनियों पर इनकम टैक्स और ईडी की छापेमारी चल रही है. इसी बीच डीआरआई की टीम भी छापेमारी शुरू कर दी। तीन एजेंसी की इस कार्रवाई से जिले के व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ है. सोमवार को डीआरआई ( राजस्व खुफिया विभाग ) की छापेमारी में 7.50 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ. डीआरआई टीम कोलकाता को सूचना मिली थी कि बिहार से करोड़ों रुपये का सामान बांग्लादेश भेजा जा रहा है। टीम ने मुजफ्फरपुर डीआरआई से संपर्क की थी. दोनों टीम ने रक्सौल के कौड़िहार चौक स्थित महावीर नगर निवासी एक चाट का ठेला लगाने वाले के घर छापेमारी की। पूछताछ में पता चला कि इसके जीएसटी नंबर पर लगभग सात करोड़ रुपए से ज्यादा माल का बंग्लादेश निर्यात हुआ। 2021 से ही करोडों रुपए का माल भारत से बाग्लादेश से एक्सपोर्ट हो रहा था. चाट वाले से पूछताछ के बाद टीम ने वार्ड नंबर 19 के हंस टोला में आयात–निर्यात का व्यवसाय करने वाला संजीव गुप्ता उर्फ मामा को हिरासत में लिया. घर की तलाशी लेने पर अधिकारियों के होश उड़ गए। संजीव गुप्ता ने कई लोगों के नाम के फर्जी कागज के सहारे फेक कंपनी बना रखी थी। करोड़ों का निर्यात कर जीएसटी की चोरी करने का आरोप लगा। जिस व्यक्ति के नाम पर संजीव गुप्ता ने कंपनी बनायी, उसे इस बारे में किसी तरह की जानकारी नहीं होती थी. जानकारी के अनुसार भारत–बंग्लादेश बॉर्डर के पेट्रापोल सीमा से करीब 7 करोड़ 50 लाख रुपये का सामान निर्यात किया गया. यह चाट वाले के जीएसटी पर किया गया था. इसके पैन और आधार कार्ड का भी इस्तेमाल किया। मामले का खुलासा के बाद संजीव गुप्ता को हिरासत लिया गया है। ठेला चालक को फिलहाल छोड़ दिया गया. जानकारी के अनुसार आठ से दस लोगों को मामा ने शिकार बनाया है, जिसके बारे में टीम पता लगा रही है। इस कार्रवाई की पुष्टि रक्सौल थाना के इंस्पेक्टर ने की है। उन्होंने बताया कि टीम के साथ रक्सौल पुलिस छापेमारी के लिए गयी थी। आरोपी के घर से कई कागजात बरामद हुए हैं, जिसकी डीआरआई की टीम जांच कर रही है। जो कि टैक्स चोरी का मामला सामने आ रहा है।

## अमजद अली को पार्टी ने 6 साल के लिए किया निष्कासित



लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा** । प्रखंड कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अमजद अली को पार्टी ने कांग्रेस का सदस्यता रद्द करते हुए 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इसकी जानकारी देते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष भारत भूषण दुबे ने बताया है कि अमजद अली द्वारा पूर्व विधायक विनय वर्मा के विरुद्ध असंसदीय भाषा का प्रयोग करने ,पार्टी के अनुशासन के विरुद्ध रवैया अपनाने को लेकर कांग्रेस पार्टी के नरकटियागंज प्रखंड अध्यक्ष व प्रखंड गौनाहा के कांग्रेस अध्यक्ष शकील अहमद ने अमजद अली द्वारा लगातार अनुशासनहीनता व असंसदीय भाषा का प्रयोग करने से क्षुब्ध होकर पार्टी से निष्कासित करने का मांग किया है। आगे उन्होंने में बताया है कि उनके विरुद्ध कई संगीन मामले दर्ज है ।इसके तहत वह जेल भी जा चुके हैं। इनके ऊपर हरिजन एक्ट, महिला उत्पीड़न जैसे गैरजमानतीय अपराधिक मुकदमे भी चल चुके हैं और किसी को अमर्यादित भाषा भी बोलते रहते हैं। जिसे पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। इन्हीं सभी कारणो से पार्टी क्षुब्दता जाहिर करते हुए आलाकमान के आदेश पर इन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। वही राशिद अली जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता, नजीर अहमद गौनाहा प्रखंड उपाध्यक्ष, औरंगज़ेब पार्टी के वरिष्ठ, नेता, शेख मसीहा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता ने जिला कांग्रेस कमेटी को धन्यवाद देते हुए खुशी जाहिर किया है। इनका कहना है कि ऐसे लोगों के पार्टी में बने रहने से पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। इन्हें पार्टी से निकले जाने पर पूरे पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

## तेंदुआ के हमले से पांच लोग घायल



लोकतंत्र की आवाज

**मधुबनी से सूरज यादव**

**बगहा/पिपरासी** । धनहा थाना क्षेत्र के बंसी टोला शरेह में एक तेंदुआ के हमले में पांच लोग घायल हो गये। ग्रामीण विकास यादव ने बताया कि सुभाष यादव के गन्ना की खेत में तेंदुआ डेरा डाले हुए था। ग्रामीण उसे शरेह में मजदूरी करने और अपने खेत की निगरानी करने गये थे। इन पर तेंदुआ ने हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। तेंदुओं के हमले में सुबास यादव 45 वर्ष एजयश्री यादव 60 वर्ष, डुगर राम 50 वर्ष, हरि यादव 35 वर्ष, जुगूल गुप्ता 40 वर्ष, बबलू पांडेय 35 वर्ष को घायल कर दिया। घायलों को इलाज के लिए थानाध्यक्ष धर्मवीर भारती के द्वारा दहवा पीएचसी में भर्ती कराया गया। दहवा पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर आनंद कुमार ने बताया कि तेंदुए के हमले में कुल पांच लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज पीएचसी में हुई है। यह खतरे से बाहर है। तेंदुआ अपने पंजे से मार कर सभी पांचों लोगों को घायल किया है। ग्रामीण रामनाथ यादव ने बताया कि तेंदुआ ने सोमवार की देर रात्रि में सुबाष यादव के कुत्ते को भी मार कर मौत के घाट उतार दिया। फिलहाल तेंदुआ की चहलकदमी को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## मिथिलावादी पार्टी ने कहा–कब तक मिथिलांचल की जनता को ठगती रहेगी प्रशासन मांगो के समर्थन में दूसरे दिन प्रखंड मुख्यालय अनशन पर जुटे रहे सेनानी

लोकतंत्र कि आवाज

**मुरारी झा**

**घनश्यामपुर** । मिथिलावादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर दूसरे दिन बुधवार को भूख हड़ताल पर पार्टी के जिला प्रभारी संजय झा और प्रखंड अध्यक्ष जुगनू मंडल के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में बेमियादी भूख हड़ताल जारी रहा । अनशन पर बैठे एमएसयू पार्टी के जिला प्रभारी संजय झा ने आरोप लगाया कि प्रखंड स्तरीय विभिन्न मांगों को लेकर कई बार बीडीओ तथा संबंधित अधिकारियों के पास आवेदन दिया गया। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। नतीजतन भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा आगे उन्होंने बताया है कि प्रशासन को यह बता देना चाहते है मिथिलावादी पार्टी किसी से समझौता करने वाली पार्टी नहीं है ।।वहीं पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष जुगनू मंडल ने कहा कि



प्रखंड मुख्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। नगर पंचायत घनश्यामपुर में वर्षो से बन्द पड़े आरटीपीएस काउंटर तथा यहां हर स्तर के छोटे बड़े कामों से लेकर योजनाओं के संचालन में लूट–खसोट तथा सरकारी राशि की बंदरबांट की जा रही है। हमारी मुख्य मांगों में सभी बंद पड़े आरटीपीएस काउंटर चालू करवाने, बंद पड़े स्वास्थ्य उप केंद्र को चालू करने, पीडीएस की व्यवस्था भ्रष्टाचार मुक्त करवाने, थाना क्षेत्र में बढ़ रही चोरी को रोकने, प्रखंड में आईटीआई कालेज खोलने आदि शामिल हैं। वही धरना स्थल पर चंदन यादव , नवीन सहनी , चंदन झा , मो सदरे आलम , मो कलाम, मो निराले के साथ प्रखंड क्षेत्र के कई मिथिलावादी पार्टी के समर्थक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।।

## मोतिहारीः स्वच्छ वातावरण में कदाचार मुक्त संपन्न कराई जाएगी 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक)प्रतियोगिता परीक्षा

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**

**पूर्वी चंपारणः** परीक्षा नियंत्रक बिहार लोक सेवा आयोग,पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में 70 वीं संयुक्त( प्रारंभिक ) प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 13.12.2024( शुक्रवार ) को पूर्वी चंपारण जिला में 38 परीक्षा केंद्रों पर एकल पाली में मध्याह्न 12:00 से अपराह्न 2:00 बजे तक आयोजित की गई है जिसमें कुल 24024 अभ्यर्थी परीक्षा में भाग लेंगे। प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार रहित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभा भवन मोतिहारी में केन्द्राधीक्षक, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी



एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग को प्रभारी जिला पदाधिकारी मुकेश कुमार सिन्हा के द्वारा बताया गया कि परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को सुबह 09:30 बजे से परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति रहेगी। परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पहले अर्थात 11:00 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केन्द्रों पर विधि व्यवस्था बनायें रखने का निर्देश दिया है।

## मोतिहारीः पूर्वी चंपारण एसपी ने 60 पुलिस कर्मियों का वेतन रोका, 2 एएसआई को किया निलंबित

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत।**

**मोतिहारीः** पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात पूरे एक्शन मोड में हैं। एसपी ने कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर नगर थाना के इंस्पेक्टर से लेकर सिपाही तक सभी कर्मियों का वेतन रोक दिया है। वहीं नगर थाना के अपर थानाध्यक्ष समेत हरपुर थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। मंगलवार को क्राइम मीटिंग के दौरान समीक्षा बैठक में एसपी ने नगर थाना के सभी कर्मियों की कार्यशैली के प्रति नाराजगी व्यक्त की. इसके साथ ही सभी के वेतन को रोक दिया। एसपी के इस कार्रवाई के बाद जिला पुलिस में हड़कंप मच गया. एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि, क्राइम मीटिंग के दौरान सभी थाना के कार्यों की समीक्षा की गई. समीक्षा के दौरान नगर थाना के सभी कर्मियों की लापरवाही सामने आई. वारंटी की गिरफ्तारी कुर्की



और इश्तेहार के निष्पादन में कर्त्तव्यहीनता के आरोप में नगर थाना के थानाध्यक्ष से लेकर सिपाही तक सभी 60 कर्मियों के वेतन को रोक दिया गया है. "सभी को शोकॉज किया गया है. इसके साथ इनपर विभागीय कार्रवाई की जाएगी. हरपुर थानाध्यक्ष को शराब कानून को क्रियान्वयन में लापरवाही को लेकर निलंबित किया गया है. दरअसल, पिछले दिनों चले एस ड्राइव में नगर थाना के कर्मियों की लापरवाही सामने आई थी." स्वर्ण प्रभात, एसपी, पूर्वी चंपारण एसपी स्वर्ण प्रभात ने नगर थाना के अपर थानाध्यक्ष रविराज को कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित किया है। इसके अलावा हरपुर थानाध्यक्ष पुअनि विश्वजीत कुमार को एसपी ने निलंबित कर दिया है। और बंजरिया थाना में पदस्थापित अपर थानाध्यक्ष किशन पासवान को हरपुर थाना का थानाध्यक्ष बनाया है।

## वाहन जांच के दौरान पुलिस को मिली बड़ी सफलता, एक देशी कट्टा से साथ दो युवक व बाइक को किया जप्त

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** भैरोगंज थाना कि पुलिस के द्वारा मंगलवार की रात्रि में वाहन जांच अभियान के दौरान नड्डा के पास दो युवकों को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी देते हुए भैरोगंज थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि एसपी सुशांत कुमार सरोज के निर्देश पर यह वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान एक बाइक पर सवार होकर दो युवक आ रहे थे। जिन्हें जांच के लिए रोका गया और उनकी तलाशी ली गई, तो उनके पास से एक देशी कट्टा को बरामद किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान हथियार बरामद पुलिस ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को हिरासत में



ले लिया और उनके पास से कट्टा और बाइक को जब्त कर लिया। गिरफ्तार दोनों युवकों की पहचान चौतरवा थाना क्षेत्र के बरियरवा गांव निवासी नवनीत तिवारी एवं अंशु तिवारी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि दोनों युवकों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। वहीं इस मामले के बाद आरोपियों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में बगहा भेजा जा रहा है। पुलिस ने कहा कि इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। लगातार वाहन जांच अभियान से शराब तस्कर व कारोबारियों में भय का माहौल

## गंडक नदी घाट पर बालू में मिले शव की हुई पहचान,परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** विगत सोमवार की शाम नगर परिषद के कैलाश नगर वार्ड नंबर 8 स्थित नारायणपुर घाट पर बालू में दफन एक लड़के का शव मिला। मामला आग की तरह फैल गई और मौके पर पहुंचे लोगों ने शव की पहचान करने की कोशिश की मगर पहचान नहीं हो सकी। पठखौली थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा एफएसएल की टीम को बुलाया गया। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल भेजवाया। मामला मीडिया द्वारा प्रकाश में आने के बाद मृतक के परिजनों को जानकारी मिली तथा वे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच कर शव की पहचान की। मृतक की पहचान पठखौली थाना क्षेत्र के नरवल बरवल निवासी सुनील सोनी के 17



वर्षीय पुत्र आदित्य सोनी के रूप में की गई है। बुधवार को शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। रोती बिलखती मृतक की मां मुनेरिका देवी ने बताया कि रविवार की रात 10 बजे उससे फोन पर आखिरी बार बात हुई थी। आदित्य ने कहा था कि वह दोस्तों के साथ शादी में जा रहा है। इसके बाद उसका फोन बंद हो गया। अगले दिन ( सोमवार ) को आदित्य के मोबाइल से उसकी बहन निधि को मैसेज आया। इसमें लिखा था कि वह मुंबई जा रहा है। इस मैसेज के बाद हमलोगों ने उसे फोन किया, लेकिन उसका फोन नहीं लग रहा था। परिजन उसके बगहा स्थित किराए के कमरे पर पहुंचे। वहां जांच की, लेकिन वहां से कुछ हासिल नहीं हो सका। इस बीच मीडिया के जरिए गंडक नदी किनारे शव मिलने की सूचना हमें मिली। इसके बाद हमलोग पहुंच कर शव का पहचान किए। आदित्य के पिता सुनील सोनी ने इसे साजिश के तहत की गई हत्या बताया है। उन्होंने कहा कि आदित्य पढ़ाई में अच्छा था। उसका किसी के साथ कोई विवाद नहीं था। परिवार का सहारा बनना चाहता था। उनका आरोप है कि हत्या कर शव को बालू में दफना दिया गया। आदित्य के दोस्तों के साथ जाने की बात सामने आई है, लेकिन उनके नाम नहीं बताए गए हैं। पटखौली थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने कहा कि शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में जांच–पड़ताल की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### 12 दिसम्बर को जूनियर बालिका कबड्डी का शिविर नेहरू स्टेडियम लहेरियासराय मे होगा आयोजित

**मुरारी झा**

**बिहार।** स्टेट कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में सीतामढ़ी मे दिनांक 14 से 16 दिसंबर 2024 तक आयोजित 50वीं गोल्डन जुबली बिहार राज्य जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है,जिसमे भाग लेने हेतु इच्छुक बालिका खिलाड़ियों का वजन 65 किलो एवं जन्म दिनांक 12/01/2005 के बाद होना चाहिए । उक्त प्रतियोगिता मे दरभंगा जिला की टीम के सहभागिता हेतु 12 दिसम्बर 2024 वृहस्पतिवार को प्रातः 11:00 बजे से नेहरू स्टेडियम, लहेरियासराय मे जिला के टीम गठन हेतु चयन शिविर का आयोजन किया गया है। चयन शिविर मे भाग लेने हेतु इच्छुक बालिका कबड्डी खिलाड़ी मूल आधार कार्ड एवं दो पासपोर्ट फोटो सहित निर्धारित तिथि को प्रातः 10:30 बजे तक नेहरू स्टेडियम मे पंजीयन करवा सकते है। इस आशय की जानकारी मोहम्मद एखलाकुर रहमान, सचिव, दरभंगा जिला कबड्डी संघ ने दी।

### प्रखंड प्रमुख के सासु माँ के मृत्यु पर संवेदना व्यक्त किया गया

**केदार नाथ पाण्डेय।**

**पीरपैंती।** पीरपैंती अपने एक दिवसीय दौरे के क्रम में बिहार विधान परिषद के सदस्य विजय कुमार सिंह पीरपैंती पहुंचे। पीरपैंती के प्रमुख रश्मि कुमारी के आवास पर पहुंच उनकी सासु माँ के निधन पर परिवार के सदस्यों से मिल शोक संवेदना प्रकट किए। ज्ञात हो कि पीरपैंती सुंदर पुर निवासी कैलाश साह की पत्नी बिंदु देवी की मौत हृदयाघात से हो गई थी।दौरे में जदयू अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ,जिला पार्षद सोनी कुमारी, ऋषिकेश सिंह, कंचू राम उर्फ रविशंकर सिंहा,महादेव मंडल इत्यादि थे।

### अमेरिका महतो बने लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**सूरज यादव**

**बगहा/पिपरासी।** प्रखंड के बालूआ ठोरी पंचायत के सरपंच अमेरिका महतो ? को राष्ट्रीय लोक मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उक्त पार्टी के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने बगहा का जिलाध्यक्ष मनोनीत करने पर मुखिया संतोष कुशवाहा, बंधू कुशवाहा, नितेश रंजन पांडेय, कुंदन गुप्ता, अंगद शर्मा, गोलू पांडेय आदि ने बधाई दी है।

### शहर को सौंदर्यीकरण एवं अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर डीएम ने किया स्थल निरीक्षण



**सुनील कुमार**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण एवं अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न स्थलों का मुआयना किया गया । जिलाधिकारी द्वारा टाउन थाना के पास भेंडिंग जोन ,भगत सिंह चौक, धरमशिला देवी हॉस्पिटल मोड़, डंपिंग जोन नगर परिषद, एवं बुधौल मोड़ की जमीनों का निरीक्षण किया। शहर में जाम से मुक्ति दिलाने हेतु उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिए कई आवश्यक निर्देश । इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, अंचलाधिकारी नवादा सदर के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आयोजित अपराध गोष्ठी में एसपी शैशव यादव ने कहा बेहतर पुलिसिंग से ही पीड़ितों को मिलेगी न्याय

लोक तंत्र की आवाज



**सुपौल।** समाहरणालय स्थित पुलिस अधक्षीक कार्यालय कक्ष में एसपी शैशव यादव की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया, आयोजित अपराध गोष्ठी में जिले के तमाम सीडीपीओ सहित थाना अध्यक्ष प्रभारी मौजूद थे, पुलिस अधीक्षक ने प्रतिवेदिता कांड तथा उनके सापेक्ष निस्तावारण, गिरफ्तारी की संख्या, वारंट निष्पादन की संख्या, गंभीर किस्म के कांड, बेहतर गस्ती व्यवस्था, डायल 112 की कार्य इसके अतिरिक्त परिवहन के खिलाफ कार्रवाई तथा अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की थाना वार समीक्षा की गई, इस दौरान सुपौल पुलिस के सभी थानों का परिणाम संतोषजनक रहा, समीक्षा के दौरान कुछ थाना क्षेत्र में जो कुछ कमियां पाई गई उन्हें दूर करने के लिए थाना अध्यक्ष को निर्देशित किया गया, साथ ही सर्किल इंस्पेक्टर और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को अनुपालन करवाने हेतु निर्देशित किया गया, तथा गस्ती व्यवस्था और चेकिंग के लिए जो एसडीपीओ और सर्किल इंस्पेक्टर की निगरानी में चेकिंग व्यवस्था की गई थी उसके लिए भी निर्देश दीये गए, उन्होंने स्कूल कॉलेज ,हॉस्पिटल ,बैंक, ज्वेलर्स शॉप ,बड़े बाजार तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर पुलिस की बेहतर ढंग से चेकिंग करने का निर्देश दिया, साथ ही उन्होंने लंबित मामले के सिद्ध निस्तावारण वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सहित अन्य दिशा निर्देश दिया, क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनी रहे वाहन चेकिंग सीमावर्ती क्षेत्र में जांच अभियान सहित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए, विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस के द्वारा रात्रि गश्ती, आपराधिक छवि वाले पर पुलिस की पैनी नजर रखने को कहा गया, उन्होंने कहा बेहतर पुलिसिंग से ही पीड़ितों को न्याय फाइलों तक ही सिमटा नहीं रहे बल्कि वे पीड़ितों तक भी पहुंचे ताकि आमलोगों की मन में पुलिस के प्रति आस्था,श्रद्धा तथा विश्वास पैदा हो, कहा थाना पर आने वाले पीड़ितों से अच्छा व्यवहार करें तथा उनकी परेशानियों को गंभीरता से लेकर उसके तत्क्षण निवारण का प्रयास करें, अपराधियों पर शिकंजा कसने हेतु रात्रि तथा संध्या गश्ती को तेज किया जाए। लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाया जाए ताकि दोषियों को जहां जल्द सजा मिल सके । वहीं पीड़ितों को न्याय मिल सके । अवैध शराब ,बालू, रोक लगाने एवं उक्त अवैध कार्यों से संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध शक्ति से विधि संवत् कार्रवाई करें। शहर में हो रही चोरी में अंकुश लगाने के लिए रात्रि गस्ती तेज करने के निर्देश देते हुए सभी थानेदारों को निर्देशित किया गया । दो पहिया चार पहिया वाहनों की चेकिंग की जाए ताकि ट्रिपल लोडिंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## थाना पुलिस की लापरवाही और प्राथमिकी दर्ज नहीं किये जानें के सवाल पर धरना स्थल पर कई लोंगों ने दिया धरना

लोकतंत्र कि आवाज

**मुरारी झा**

**दरभंगा ।** दुर्व्यवहार के विरुद्ध लहेरियासराय स्थित धरनास्थल पर धरना दिया गया हैं । जानकारी देते हुए बताया के हमारे साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर हमने बहेड़ा थानाध्यक्ष को एक लिखित आवेदन दिया था। आवेदन दिए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई इसके बाद 23 अक्टूबर को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,वरीय पुलिस अधीक्षक,पुलिस महानिरीक्षक दरभंगा,आयुक्त सहित जिलाधिकारी को आवेदन दिया गया लेकिन आज तक एफआईआर दर्ज नहीं हुआ। प्रशासनिक असंवेदनशीलता से निराश होकर पीड़ित प्रमोद कुमार साहू 25 नवम्बर को पुनः उपरोक्त सभी वरीय अधिकारी को एक बार फिर से लिखित आवेदन दिया गया। अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस 10 दिसंबर तक एफआईआर दर्ज नहीं हुआ।उन्होंने कहा बाध्य होकर हमने 11 दिसंबर को दरभंगा पुलिस के असंवेदनशीलता के विरुद्ध धरनास्थल पर धरना व भूख हड़ताल किया ।फिर भी एफआईआर दर्ज नहीं हुआ। हम अपने संवैधानिक अधिकार के हनन के विरुद्ध शान्तिपूर्ण अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ गए। वही दूसरी ओर महिलाओ की सुरक्षा के सवाल पर नासरीन प्रवीण ने बताया उनके ससुराल वालों द्वारा तीन तलाक की धमकी देकर उन्हें घर से मारपीट कर भगा दिया गया।जिसका कमतौल थाना पर काफी जद्दोजहद के बाद 6 जून को प्राथमिकी संख्या 150/24 दर्ज कराई गई। लेकिन कमतौल थाना की पुलिस पदाधिकारी अभिलाषा कुमारी द्वारा मामले में पीड़िता के सहयोग के बदले घरेलू हिंसा करने वालों को सहयोग कर पीड़िता को दर-दर भटकने पर मजबूर किया जा रहा है, धरना के माध्यम से पीड़िता नासरीन प्रवीण भी इस मुहिम में अपनी फरियाद रखी। वहीं बेता चौक निवासी व बेता थानाक्षेत्र के राजू साह की पुत्री मोनी कुमारी द्वारा आवेदन के पश्चात आजतक प्राथमिकी दर्ज नहीं किया गया और उसे डाट फटकार लगाकर भगा दिया गया।

धरनार्थियों ने बताया के बहेड़ी थाना कांड संख्या 250/24 की पुलिस निष्क्रीयता से त्रस्त पीड़ित द्वारा भी निस्पक्ष जाँच कर कार्यवाही करने का आग्रह किया गया। इसी तरह के अन्य कई मामलों को संग्यान लेते हुए मानवाधिकार इमर्जेन्सी हेल्पलाइन एशोसियेशन नई दिल्ली प्रमंडलीय शाखा-दरभंगा द्वारा समर्थित अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में पीड़ितों के साथ प्रमंडलीय अध्यक्ष मनोहर कुमार झा,प्रमंडलीय सचिव अजित कुमार मिश्र,प्रमंडलीय सदस्य विजय कुमार,अनुमंडल सदस्य मनोज कुमार सहित दर्जनों पदाधिकारी ने विचार रखे।

## पकरीबरावां : मध्य विद्यालय डुमरावां में खेल कार्यक्रम आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावां।** मध्य विद्यालय डुमरावां में बुधवार को छलांग कार्यक्रम के तहत खेल कार्यक्रम आयोजित की गई। खेल गतिविधियों नॉक द कोन, बिल्डर एंड बिल्डोजर, बॉल कुर्सी रेस, हैंडबॉल सहित विभिन्न खेल गतिविधियां कराई गई। शिक्षक चंदन कुमार एवं राकेश कुमार ने कहा कि छलांग के तहत जो खेल गतिविधियां कराई जाती है, उससे सर्वांगीण विकास होता है। येगतिविधियां बच्चों के लिए उपयोगी साबित होती है। बताया गया कि पूर्व में भी बच्चों के बीच खेल गतिविधियां कराई गई। इस अवसर पर एफसी पूजा कुमारी, सतीश कुमार, शिक्षक नीतीश मिश्रा, प्रीति कुमारी, हीरा कुमारी, लाछो कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पकरीबरावा : डीपीओ ने की प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक

लोकतंत्र की आवाज




**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावां।** हाई स्कूल पकरीबरावां में बुधवार को पकरीबरावां प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने की। उन्होंने सभी प्रधानों से बच्चों के बनाये गए अपार आईडी की जानकारी ली। प्रखण्ड के 38 विद्यालयों ने अबतक एक भी बच्चे का अपार आईडी नहीं बनाई, जिस पर डीपीओ ने वहां के प्रधानों को फटकार लगाते हुए इस कार्य को तेजी से करने का निर्देश दिया। बैठक से अनुपस्थित रहने वाले प्रधानों पर कार्रवाई करने का निर्देश प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। सभी सीआरसी को निर्देशित किया गया कि टैग विद्यालयों को अपार आईडी बनवाने में सहयोग करें। इस बीच अपार आईडी को तेजी से बनवाने के लिए उत्क्रमित मध्य विद्यालय लीलो, मध्य विद्यालय जिउरी आदि के प्रधानों की सराहना की गई। इस बीच एफएलएन किट का अबतक इन्ट्री नहीं करने वालों को अल्टीमेटम दिया गया कि 24 घण्टे के अंदर इस काम को पूर्ण कर लें। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार एवं प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक रितेश कुमार ने प्रधानों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस अवसर पर पीएम शक्ति निर्माण योजना के साधनसेवी संजय कुमार, बीआरपी मेदनीकांत झा, किशोरी शरण वर्मा, सुंदर प्रसाद यादव, वर्षा कुमारी, प्रधानाध्यापक नागेंद्र प्रसाद, राजकुमार, संजय कुमार सुमन, रामजनम पासवान, सीमा कुमारी, अजय कुमार, विनोद कुमार, रवि रंजन, विजय कुमार, किरण कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## गया : श्रेत्रीय संगठन महामंत्री ने गया जी पहुंचने पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित वरिष्ठ नेता ने किया भव्य स्वागत

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** बिहार-झारखंड के भाजपा संगठन महामंत्री नागेंद्र का गया जी की पावन धरती पर आगमन होने पर भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा के द्वारास्वागत किया गया इस अवसर पर डॉ. मनीष ने भगवान विष्णु के चरण चिन्ह, अंग वस्त्र और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर भारतीय परंपरा के अनुसार उनका हार्दिक स्वागत किया डॉ मनीष मिश्रा के द्वारा स्वागत करते हुए कहा नागेंद्र जैसे कर्मठ और समर्पित नेतृत्वकर्ता का मार्गदर्शन पाकर भाजपा कार्यकर्ताओं को एक नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि बिहार और झारखंड में भाजपा की सुदृढ़ता और जनता के बीच उसकी स्वीकार्यता को बढ़ाने में नागेंद्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को उत्साह करते हुए नागेंद्र ने अपने आशीष बचन में गया जी की धार्मिक महत्ता और भाजपा कार्यकर्ताओं के जोश की सराहना की उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे समाज के हर वर्ग तक पार्टी की विचारधारा और कल्याणकारी नीतियों को पहुंचाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है जो राष्ट्र निर्माण और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना लेकर आगे बढ़ रही है स्वागत करने वालों में पूर्व सांसद हरि मांझी भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा रूपेश कुमार वर्मा, जैनेन्द्र कुमार, कमलेश सिंह,हरे राम सिंह, अनिल स्वामी,अनंत धीश अमन,गोपाल प्रसाद यादव राजेश चौधरी संजय रविदास उपस्थित थे।

## थाना परिसर में आयोजित लोक अदालत में कई मामले का हुआ निपटारा

लोक तंत्र की आवाज



**मेसकौर (नवादा)।** अगामी 14 दिसंबर को व्यवहार न्यायालय नवादा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत से पहले प्रखंड के मेसकौर व सीतामढ़ी थाना परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों पक्षों की उपस्थिति मे कई मामले को निष्पादन किया गया। डिप्टी चीफ एल ए डी सी एस मोहम्मद शाजिद अयूब खान ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी तरह के सुलानिया वादों का निपटारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे लोग भी होते है जो किसी कारणवश लोक अदालत नवादा जाने में असमर्थ होता है। इसके लिए विभाग के निर्देश पर थाना परिसर में ही लोक अदालत का आयोजन करवा कर मामले को निष्पादन करने की पहल की जा रही है। लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न मामलों का आसानी से निष्पादन किया जाता है। इस संदर्भ में मेसकौर थाना अध्यक्ष रूपेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में लगभग 80 वादियों को नोटिस भेजा गया था। जिसमें कई वादि उपस्थित हुए। जहां चार मामले को निष्पादन कर दिया गया। जबकि कई मामले में एक पक्ष के ही लोग उपस्थित हो सका। वही सीतामढ़ी थाना अध्यक्ष रश्मि कुमारी ने बताया कि थाना में आयोजित लोक अदालत में उपस्थित होकर मामले को निष्पादन हेतु 79 लोगों को नोटिस दी गई थी। जिसमें पांच मामले को निपटारा कर दिया गया है ।वहीं कई मामलों में एक पक्ष के लोग ही उपस्थित हो सके। दोनों थाना अध्यक्ष ने बताया जो लोग थाना परिसर में नहीं आ सके वे 14 दिसंबर को नवादा कोर्ट में दोनों पक्ष जाकर अपने मामले को निष्पादन करवा सकते हैं।मौके पर अमन कुमार जैन एवं कुमार निशात के अलावे दोनों थाना के कई अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

# समस्तीपुर में 35 परीक्षा केंद्रों पर बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा होगी आयोजित

लोकतंत्र की आबाज






**समस्तीपुर।** जिले के प्रभारी जिला अधिकारी अजय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आगामी 13 दिसंबर 2024 को आयोजित बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित विधि व्यवस्था की समीक्षा बैठक की गई। बैठक प्रारंभ करते हुए परीक्षा के सहायक संयोजक- सह -अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश सिंह द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग के दिए गए निदेशों को सभी केंद्राधीक्षक एवं प्रतिनियुक्त जोनल दंडाधिकारियों तथा स्टैटिक दंडाधिकारी-सह- प्रेक्षकों को अवगत कराया गया। उनके द्वारा बताया गया कि बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा आयोजित एकीकृत 70 वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा समस्तीपुर जिला अंतर्गत एकल पाली में दिनांक 13 12.2024 को 35 परीक्षा केंद्रों पर 12:00 बजे मध्यान्ह से 2:00 बजे अपराह्न तक संचालित होगी। इसके लिए अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग टाइम 9:30 बजे पूर्वाह्न रखा गया है । बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कमरे जिसमें अभ्यर्थी बैठेंगे सीसीटीवी लगाने की तथा बायोमेट्रिक डिवाइस से सब की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए श्रुति लेखक की भी व्यवस्था की गई है। इस परीक्षा हेतु कुल 18 जोनल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है तथा 35 स्टेटिक दंडाधिकारी-सह- प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके पश्चात प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित तभी दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षक को आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुरूप शुचिता पूर्ण परीक्षा संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश के साथ-साथ शुभकामना दी गई। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी महमूद आलम, नजारत उप समाहर्ता श्री रजनीश कुमार राय, जिला परिवहन पदाधिकारी विवेक चंद्र पटेल, सिविल सर्जन सहित सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी , पुलिस पदाधिकारी एवं केंद्राधीक्षक मौजूद थे।

## बेतिया : राज की भूमि पर हो रहे अतिक्रमणकारियों की पक्ष में पहुंचे सीओ

लोकतंत्र की आवाज

**बेतिया।** रविवार को दिन आईटीआई खाता 2 खेसरा 319 /एक बेतिया राज की भूमि जमीन का रजिस्ट्री दिखाकर घर बना रहे किशन देव प्रसाद एवं दीनबंधु आर्य के पक्ष में बेतिया आंचल अधिकारी खुल कर सामने आ गये बताते चले की यह भूमि बेतिया राज की भूमि है जिस भूमि पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं नौतन विधानसभा के प्रत्याशी रह चुके पुण्य देव प्रसाद की कब्जे में विगत 50 वर्षों से है जिसका एक कथा एक धुर का कबजवारी कागज के साथ साथ बेतिया राज की ओर से दिया गया कुछ कागज भी उनके पास है फिर भी उनके दोनों भाई उसे जमीन का रजिस्ट्री कागज दिखाकर घर बनाने की कोशिश कर रहे थे जिस पर पुण्यदेव प्रसाद ने आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि यह जमीन बेतिया राज की है एवं बेतिया राज की भूमि का कोई रजिस्ट्री नहीं होता फिर इनके पास कहां से आ गया यह अपने आप में सवाल है अब इस पूरे मसले में बेतिया अंचलाधिकारी रजिस्ट्री वाले कागज के आधार पर जिले के वरिये अधिकारियों का हवाला देकर जमीन कब्जा दिलाने पहुंच गए सबसे बड़ी बात जहां अभी वर्तमान में बेतिया राज की जमीन पर किसी प्रकार का घर निर्माण पर रोक लगी है और जहां जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने कि बात कही जा रही है वहीं दूसरी तरफ बेतिया राज कि भूमि पर कब्जा दिलाने वाले अंचलाधिकारी पर शक की सुई उठना लाजिमी बन गया है एक तरफ बेतिया राज कि भूमि पर फर्जी वाड़ा कर जमीन रजिस्ट्री करने वाले किशन देव प्रसाद एवं दीनबंधु आर्य पर कानूनी कार्यवाही करने के बजाय उल्टे 50 वर्षों से उक्त जमीन पर घर बनाकर रह रहे पुण्य देव प्रसाद पर दबाव बनाया जाना कहां तक न्याय उचित है यह अपने आप में एक पहेली बना हुआ है वही इस संबंध में स्थानीय हीरालाल धागड,वकिल महतो,सोना देवी, मुन्ना महंतों, शिमा राय, शंकर यादव तारा देवी आदि दर्जनों लोगों का कहना है कि इस जमीन पर तिस वर्षों से ऊपर पुन्य देव प्रसाद का धर है तथा चारदीवारी वहीं निमार्ण करायें है और यह जमिन बेतिया राज कि बदलेन भूमि है जो धागड जातियों को बेतिया राज से मिली थी और इस जमीन का कोई दाखिल खारिज नहीं होता तथा पुन्य देव प्रसाद के दख़ल कब्जा में रहा है उनके भाई लोग बेवजह उन्हें परेशान करने के नियत से ऐसी हालत पैदा कर रहे हैं वहीं इस संबंध में पुन्य देव प्रसाद ने एक पत्र जिला पदाधिकारी तथा राजस्व विभाग के सचिव को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सदस्य, यूपी राज्य महिला आयोग ने की महिला जनसुनवाई



लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी

बलिया। सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग सुनीता श्रीवास्तव ने गेस्ट हाउस लोनिवि कुंवर सिंह चौराहा में महिला जनसुनवाई की। सदस्य ने जनसुनवाई के दौरान सभी अधिकारियों से कहा कि सरकार की मंशानुरूप उ0प्र0 राज्य महिला आयोग महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न की घटना/प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल जांच कराकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय सदस्य ने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारी/थाना प्रभारी से दूरभाष पर वार्ता कर प्रकरण की जांच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी स्तर पर लापवाही न बरती जाय। महिला जनसुनवाई में कुल 10 पीड़ित महिलाओं ने सदस्य को प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या से अवगत कराया जनसुनवाई में अधितर मामले दहेज, भूमि विवाद तथा घरेलू हिंसा आदि से संबंधित थी। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

### बलिया में प्रशासन का चला अतिक्रमण अभियान



लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी

बलिया। बुधवार को अपराह्न अतिक्रमण अभियान जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, एवं नगर पालिका प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा चलाया गया चित्तू पांडेय चौराहे से रोडवेज होते हुए दीवानी कचहरी तक दोनो तरफ अतिक्रमण हटाते हुए रूपए 9500 /– अर्थदण्ड वसूला गया और पुनः अतिक्रमण ना करने की चेतावनी दी गई । इस अवसर पर प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर कृष्णकांत, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नदीम, राजस्व निरीक्षक अर्जेश मिश्र ,कर लिपिक भारत भूषण मिश्र ,कर संग्रहक संतोष पाण्डेय, वाहन प्रभारी प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे ।

### रंगदारी मांगने वाले मनबढ़ को सिगरा पुलिस ने पकड़ा



लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी

वाराणसी। साड़ी कारोबारी अमित शेवारामानी के वाहन को रोककर तमंचे के बल पर रंगदारी मांगने वाले मनबढ़ को सिगरा पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है. सिगरा पुलिस ने नामजद आरोपी हिमांशु यादव निवासी अशोक बिहार कालोनी (सारनाथ) को अंधरापुल के पास से गिरफ्तार किया है. आरोपी के ऊपर हत्या के प्रयास सहित चार मुकदमें दर्ज है. सरकारी गनर के समाने दी थी धमकी साड़ी कारोबारी अमित शेवारामानी के मुताबिक वह 1 दिसम्बर को व्यापारियों संग कैंटोनमेंट के एक होटल से बैठक खत्म कर अपने घर को निकले. वह अपने मित्र के वाहन से निकल गए और सरकारी गनर ड्राइवर के साथ उनके फॉर्च्यूनर से पीछे आने लगे. वह जैसे ही मलदहिया के पास पहुंचे हूटर बजाते हुए स्कॉर्पियो सवार कई लोग निकले और रंगदारी के लिए धमकाने लगे.पुलिस पूछताछ में आरोपी हिमांशु यादव ने बताया कि वह अपने साथी राहुल यादव व दिपेश सेठ के साथ मिलकर साड़ी व्यवसायी से रंगदारी लेने के लिए उनकी गाड़ी फार्चुनर को ओवर टेककर हुटर बजाते हुए मलदहिया चौराहे पर पिस्टल दिखाकर गंदी–गंदी गालियों व जान माल की धमकी देते हुए एक लाख रूपया साड़ी व्यवसायी से पहुँचाने की मांग किये थे.

# डा.प्रो.नरेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में संथालियों में अनुवंशिक बीमारियों पर भारत सरकार का शोध अभियान

लोक तंत्र की आवाज

**डा. रूद्र किंकर वर्मा**

**किशनगंज।** भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा स्वीकृत एक महत्वपूर्ण शोध परियोजना के तहत भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग से एक विशेषज्ञ टीम किशनगंज जिले के संथाली गांवों में अनुवंशिक बीमारियों पर शोध करने के लिए पहुंची है। यह शोध परियोजना संथाल जनजातियों में पाई जाने वाली बीमारियों जैसे सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया, कलर ब्लाइंडनेस, रक्त छिनता और अन्य अनुवंशिक रोगों की पहचान, कारण और उपचार के उपायों पर आधारित है।

इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे प्रो. डा. नरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से उन ग्रामीण इलाकों में संचालित किया जा रहा है, जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है। पहले चरण में, शोध टीम ने महानंदा नदी के किनारे स्थित छोटे सल्कि और नतुवापारा जैसे दूर–दराज के गांवों में रक्त संग्रह किया। इसके बाद, वस्ता कोला, सोना दिघी, बालू वस्ती, भूपला बांध टोला, टेरहा गाछी और बहादुरगंज जैसे अन्य संथाली गांवों में भी रक्त संग्रह की योजना बनाई गई है।



- संथाल जनजातियों में बीमारियों के पहचान और रोकथाम के लिए रक्त संग्रह अभियान शुरू
- शोध कार्य में भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा की टीम शामिल

प्रो. डा. नरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस शोध का उद्देश्य इन समुदायों के रक्त का संग्रह करके डीएनए और अनुवंशिक लक्षणों से संबंधित 12 प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत जांच करना है। इस प्रक्रिया से यह पता लगाया जाएगा कि इन जनजातियों में किस प्रकार की अनुवंशिक बीमारियां अधिक प्रचलित हैं, और इनके पर्यावरणीय प्रभावों का क्या असर हो सकता है।

यह शोध सरकार को संथाल जनजातियों के स्वास्थ्य सुधार और उनके लिए प्रभावी नीतियां तैयार करने में सहायता करेगा। रक्त संग्रह और जांच की प्रक्रिया में भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के डॉ. रविंद्र श्रीवास्तव, पार्वती विज्ञान महाविद्यालय मधेपुरा के डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह, शोधार्थी आनंद कुमार भूषण, रोहन कुमार जैसे विशेषज्ञ भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। संथाल समाज के विकास के लिए स्थानीय समाजसेवी नारायण हेमब्रम, छोटूटुडू, सोनीराम हेमब्रम, हेरा बॉसकी और चंपाई टुडू ने भी इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस परियोजना के माध्यम से संथाल जनजातियों में अनुवंशिक रोगों का प्रभावी अध्ययन किया जाएगा और इनकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य संबंधी नीतियों और उपचारों को आकार दिया जाएगा, जो इन समुदायों के जीवन स्तर को सुधारने में मदद करेगा।

# तरैया पुलिस ने किया 6 सौ लीटर देसी शराब बरामद, बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**तरैया (सारण)।** सक्रिय पुलिसिंग के तहत सारण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। तरैया थाना क्षेत्र से पुलिस ने 600 लीटर देशी स्प्रीट बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। जबकि पुलिस मौके से कारोबार में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जप्त किया है।

मामले की जानकारी देते हुए तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक, सारण के निर्देशन में सारण पुलिस द्वारा ज़िले में लगातार अवैध शराब का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आकुचक गांव के सामने चंवर में रोड के किनारे कुछ व्यक्ति भारी मात्रा में स्प्रीट का गैलन रखे हुए हैं और उसे मोटरसाइकिल से ढ़ो रहे हैं। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आकुचक चवर पहुँचकर छापामारी किया गया तो छापामारी के क्रम में 600 लीटर स्प्रीट बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के पास से स्प्रीट का गैलन ढ़ो रहे एक मोटरसाइकिल को भी बरामद किया गया। इस संदर्भ में 08 अभियुक्तों के विरूद्ध तरैया थाने में कांड संख्या–445/24 में धारा– 30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम दर्ज किया गया है। इस कांड में संलिप्त स्प्रीट कारोबारियों की गिरफ्तारी हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के चंचलिया गांव निवासी वकील मियां के पुत्र मुन्ना कुमार के रूप में हुई है। वही छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह, स.अ.नि. अप्पू कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल शामिल थे।

## प्रांतीय रक्षक दल का 76 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**लोकतंत्र की आवाज़**
**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा बुधवार को प्रांतीय रक्षक दल का 76 वा स्थापना दिवस पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में आयोजित हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज(क०अर) तथा प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी दिनेश चौहान द्वारा पी आर डी स्वयं सेवकों का नैतिक मान प्रणाम स्वीकार किया गया। परेड का संचालन प्रथम कमांडर शत्रुधन प्रसाद द्वितीय कमांडर रंजीत कुमार तृतीय कमांडर पिंटू कुमार रहे। कुल चार टोलीयो का संचालन चंद्रशेखर राम,मुकेश कुमार,राजेंद्र कुमार राम,महिला टोली को किरण देवी द्वारा संचालित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रभारी धनेश सिंह यादव साथ में क्षेत्रीय युवक कल्याण अधिकारी राकेश कुमार सिंह,,चंदन सिंह ,शरद कुमार यादव, अमित चौहान ,बड़े बाबू नागेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# युवक की मौत मामले की जांच करने जीआरपी के डीएसपी हेडक्वार्टर व डीएसपी सोनपुर एकमा पहुंचे

लोकतंत्र की आवाज

**छपरा (सारण)।** एकमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के अप लाइन पर मुंह के बल लेटे हुए एक युवक के शव को बरामद मामले की जांच–पड़ताल में जीआरपी की ओर से हर एंगल से की जा रही है। बुधवार को एकमा रेलवे स्टेशन पर डॉग स्क्वायड की टीम सहित जीआरपी के डीएसपी (हेडक्वार्टर) निधि मैन, डीएसपी सोनपुर सहकार खान, जीआरपी थानाध्यक्ष छपरा जंक्शन– शाहिद अनवर हुसैन, अंचल निरीक्षक जीआरपी संजीव कुमार व दारोगा मनोज कुमार आदि ने एकमा स्टेशन के प्लेटफॉर्म वह आसपास सहित मुख्य रूप से युवक का शव मिलने वाले स्थान की गहनता से जांच पड़ताल की गई। आसपास के लोगों से मामले में



जानकारी लेने की कोशिश की गई। ताकि मामले का उद्भेदन शीघ्र हो सके। इस मौके पर जीआरपी के पुलिस अवर निरीक्षक रामलाल यादव व सिपाही विजय कुमार साह भी मौजूद थे।

वहीं एक दिन पहले मंगलवार को आरएफएसएल मुज़फ्फरपुर की टीम ने भी एकमा स्टेशन पर पहुंच कर मौके से रक्त का सैंपल एकत्र किया था। इस दौरान टीम ने प्लेटफार्म पर जहां शव को लाकर लिटाया गया था, वहां गिरे खून का सैम्पल लेने मंगलवार को आरएफएसएल मुजफ्फरपुर से आयीं रत्ना राधा ने बारिकी से सैंपल एकत्र कर ले गईं थीं। छपरा जीआरपी के इंस्पेक्टर शाहिद अनवर हुसैन भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि अपने घर से मां की दवा लेने बाजार गए एक युवक की एकमा रेलवे स्टेशन के अप लाइन पर संदिग्ध स्थिति में रेलवे पुलिस ने शव सोमवार की देर रात्रि में बरामद किया था। वारदात की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे जीआरपी के पुलिस अवर निरीक्षक रामलाल यादव व सिपाही विजय कुमार साह ने तत्काल युवक के शव को एकमा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक के पूर्वी किनारे स्थित रेलवे ट्रैक के समीप से बरामद करने की के बाद इसकी सूचना परिजनों को दी थी। शव की शिनाख्त दाउदपुर थाना क्षेत्र के गोबरही गांव निवासी रत्नेश्वर सिंह के 25 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार सिंह रूप में की थी। परिजनों द्वारा युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए मामले में केस दर्ज कराया गया है।

# जन सुराज के प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

- प्रदेश अध्यक्ष के छपरा आगमन के कार्यक्रम की तैयारियों पर हुई चर्चा

लोकतंत्र की आवाज

**एकमा (सारण)।** जन सुराज के एकमा प्रखंड कार्यालय में बुधवार को कार्यकारिणी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड के प्रत्येक वार्डों में पंचायत कार्यकारिणी द्वारा हर घर जन सुराज की पांच सूत्री योजनाओं की जानकारी देने व संगठन को मजबूत बनाने पर मंथन किया गया।

वहीं कुछ लोगों के द्वारा कथित तौर पर आईपेक के माध्यम से आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारी की घोषणा कर दी गई है। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक दल के संभावित प्रत्याशी दिन–रात जनता के बीच जनसंपर्क कर रहे हैं। इसमें मुख्य रूप से एकमा व मांझी विधानसभा क्षेत्र राजनीति का रण क्षेत्र बनाता हुआ नजर आ रहा है।



बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर जन सुराज के हाई कमान ने शीघ्र संभावित प्रत्याशी के नाम की घोषणा दूसरे दलों के प्रत्याशी घोषित होने से पहले करने की मांग की गयी। साथ ही आगामी 16 दिसंबर को जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती के छपरा आगमन के कार्यक्रम को सफल बनाने की आवश्यक तैयारियों पर भी विचार–विमर्श किया गया।

बैठक में जन सुराज के महासचिव रामनाथ मांझी, प्रवक्ता राजेश कुमार, प्रखंड सचेतक अश्विनी पूर्णेंद्र सिंह, राजेश पाण्डेय, प्रखंड युवा अध्यक्ष विवेक कुमार पटेल, प्रखंड संयोजक रमेश गिरि, नवल श्रीवास्तव, आइपेक के सदस्य निलेश कुमार, युवा वाहिनी के सदस्य रुस्तम, सत्यम सहित प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी व प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य आदि अन्य लोग शामिल थे।

## एकमाः लाठी-डंडे से हुई मारपीट में पांच लोग घायल



**लोकतंत्र की आवाज**

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के फुचटी कला गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी व हाथापाई के बाद लाठी–डंडे से हुई मारपीट में दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गये। मारपीट के दौरान हल्ला होने पर पड़ोस के लोगों ने पहुंच कर बीच– बचाव किया। सभी घायलों क्रमशः पिंकी देवी, माया देवी, स्वामी नाथ सिंह, नीरज कुमार समेत पांच लोगों का उपचार एकमा सीएचसी में डॉ विकास कुमार विमल के द्वारा किया गया?। इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद केस दर्ज कराया गया है।

# पंचायतों में खेल मैदान चिह्नित करने को लेकर मुखिया के साथ की समीक्षा बैठक

लोकतंत्र की आवाज

**मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन कार्यालय में बुधवार को पीओ संजय साव की अध्यक्षता में पंचायतों में खेल मैदान चिन्हित करने एवं विकसित करने को लेकर पंचायत के मुखिया के साथ समीक्षात्मक बैठक किया गया।

मौके पर प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू,प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजित सिंह, मुखिया डुमरसन बच्चालाल साह , दुरगौली प्रतिनिधि सतेन्द्र सिंह,जजौली मुखिया प्रतिनिधि वरुण यादव मुखिया, चांद कुदरिया मुखिया धर्मेंद्र मांझी, कर्ण कुदरिया मुखिया प्रतिनिधि अशरफ अली, राकेश रंजन पंचायत तकनीकी सहायक, शिवेन्द्र कुमार प्रखंड तकनीकी सहायक, स्वीटी कुमारी



पीआरएस बंगरा, पंकज कुमार पीआरएस बहरौली और रामचंद्र कुमार समेत अन्य मौजूद रहें।

मौके पर पंचायतों में खेल मैदान निर्माण में सभी चरणों पर विस्तार से चर्चा की गयी, वहीं सभी को निर्माण के प्रारूप की जानकारी दी गई। मनरेगा पदाधिकारी संजय साव ने बताया कि खेल मैदान बनाने को लेकर संबंधित पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव पंचायत रोजगार सेवक के माध्यम से जगह चिन्हित किया जा रहा है।चिन्हित खेल मैदान मे कम से कम चार गतिविधियां होना अनिवार्य जिसमें कबड्डी ,खो–खो, लॉन्ग जंपिंग ,बैडमिंटन, वॉलीबॉल ,बास्केटबॉल सहित अन्य खेल शामिल है।

# मशरक के नवादा गांव किसान चौपाल कार्यक्रम का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**मशरक (सारण)।** मशरक के नवादा गांव में पंचायत भवन परिसर में किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसान चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि सलाहकार अनिल ठाकुर ने किया वहीं मौके पर कृषि समन्वयक राम कुमार सिंह और मुकेश ओझा ने किसानों को सरकार द्वारा किसान हित में चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

मौके पर विनय कुमार,ललन पाठक, केदारनाथ सिंह,निरशुनारायण सिंह समेत अन्य कई किसान मौजूद रहें। इस अवसर पर कृषि समन्वयक रामकुमार सिंह ने बीज अनुदान,कृषि यांत्रिकीकरण, मिट्टी जांच



व किसान सम्मान निधि योजना,पोषण तत्व प्रबन्धन पर मिलने वाले अनुदान की विस्तृत जानकारी किसानों को दिया। उन्होंने किसानों को आधुनिक खेती से संबंधित बातों की जानकारी देते हुए कहा कि रसायनिक खाद की बजाय जैविक खाद खेतों में डालकर फसल उपजाएं। इससे न सिर्फ आपको खेती में लागत कम आयेगी, बल्कि आपके खेत भी बंजर होने से बचेंगे।

# तरैया में किराना गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

लोकतंत्र की आवाज

**तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के तरैया बाजार स्थित दिलीप किराना दुकान के गोदाम में अगलगी की घटना सामने आई है। जहां किराना गोदाम में आग लगने से लाखों रुपये के तेल व खाद्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई हैं। गोदाम में रखे सैकड़ों लीटर रिफाइन, करूतेल, डालडा, समेत लाखों के खाद्य सामग्री जलकर नष्ट हो गए हैं। बताया जा रहा है कि दिलीप किराना दुकान का गोदाम तरैया गांव में चला रहा था। जिसमें बुधवार की सुबह करीब चार बजे गोदाम से अचानक धुंआ और आग निकलने लगा, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने गोदाम के मालिक को सूचना दी।

आनन–फानन में दुकान मालिक व स्थानीय ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास करने लगे। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की लेकिन कुछ असर नहीं हुआ। आग की तेज लपक उनके प्रयासों को विफल करती नजर आई। जिसके बाद स्थानीय थाना व फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। सूचना पाकर तरैया थाने से तत्काल फायर बिग्रेड की छोटी गाड़ी और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने का प्रयास करने लगी। लेकिन गोदाम में मौजूद तेल व खाद्य सामग्री के कारण आग की लपक और तेज होती जा रही थी। आग की लपक बढ़ता देख आस–पास के घर वालों को भी चिंता सताने लगी। जिसके बाद मढ़ौरा समेत अन्य जगहों से फायर ब्रिगेड की चार बड़ी गाड़ियों को बुलाया गया। जिसके बाद फायर बिग्रेड की चार गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुट गई, करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

इस संदर्भ में किराना दुकान के प्रोपराइटर मनोज सिंह ने बताया की अगलगी की घटना में करीब 5 से 10 लाख रुपये के तेल व खाद्य सामग्रियों के नुकसान होने की आशंका है। इस सम्बंध में तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि अगलगी की सूचना मिलने के बाद तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम व पुलिस पदाधिकारियों को मौके पर भेजा गया। फायर ब्रिगेड के टीम ने काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया। फिलहाल अगलगी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आगलगी के कारणों की बारीकी से जांच की जा रही है।



लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।